हरिभूमि
# हिसार-हांसी भूमि
रोहतक, गुरुवार 23 अप्रैल 2026

9 ओपन नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में रोहतास...



10 पृथ्वी को सुरक्षित रखना हमारे जीवन व आने वाली...



## खबर संक्षेप

### दूसरे दिन पार्षद पद के लिए एक नामांकन

**उकलाना।** नगर पालिका चुनाव 10 मई को होने हैं, जिसे लेकर नामांकन प्रक्रिया जारी है। नामांकन प्रक्रिया के दूसरे दिन 16 वार्डों में से अभी तक केवल वार्ड नंबर 7 से एकमात्र आवेदन अभेराम मंगला द्वारा दाखिल किया गया है। जबकि अध्यक्ष पद के लिए अब तक किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया है। दो दिनों से अधिकारी नामांकन का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन अपेक्षित संख्या में आवेदन नहीं पहुंच रहे हैं। हालांकि नामांकन प्रक्रिया में अभी तीन दिन शेष हैं, ऐसे में अंतिम दिनों में नामांकन दाखिल करने को लेकर भीड़ बढ़ने की संभावना जताई जा रही है।

### दो छात्राएं चलती बस से गिरीं, अस्पताल में भर्ती

**हिसार।** हिसार से वाया धांसू–सुलखनी–घिराय आ रही रोडवेज बस में बड़ा हादसा हो गया। हिसार एयरपोर्ट चौक से तलवंडी रोड के बीच बुधवार को चलती बस से दो छात्राएं खिड़की से गिरकर घायल हो गईं। चौंकाने वाली बात यह रही कि दोनों छात्राएं अलग-अलग अंतराल में बस से गिरीं। घटना के तुरंत बाद दोनों घायल छात्राओं को जिले के नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस व छात्राओं के परिजन भी मौके पर पहुंचे।

### महाराष्ट्र को हराकर हरियाणा बना चैंपियन

**हिसार।** राजगीर बिहार में चल रही दो दिवसीय 13वीं राष्ट्रीय रग्बी सेवन प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में हरियाणा ने महाराष्ट्र को 17-12 से हराकर चैंपियनशिप कप जीतकर 11 बार चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया है। सोनीपत रग्बी के सचिव नरेंद्र मोर ने यह जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा ने अपना खोया हुआ चैंपियन का खिताब फिर से वापस लेकर नया इतिहास स्थापित किया है। लगातार 15 वर्षों से फाइनल खेल रही हरियाणा टीम ने पिछली बार पश्चिम बंगाल के हाथों स्वर्ण गंवाने के बाद इस बार फिर जोरदार वापसी की और बताया कि वे आज भी चैंपियन हैं।

### गीतू वर्मा महासचिव व रिंकल बनी कोषाध्यक्ष

**हिसार।** अखिल भारतीय संगठन ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी की अहम बैठक जिला महिला अध्यक्षा मधु चावला की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से गीतू वर्मा को जिला महिला महासचिव, रिंकल कथूरिया को जिला महिला कोषाध्यक्ष, वर्षा सूरी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, रिंपी कालड़ा को उपाध्यक्ष, सीमा चांदना को सचिव व वीना अरोड़ा को सह सचिव चुना गया। नवनियुक्त जिला महिला कार्यकारिणी ने संगठन के संस्थापक कमल हांडा, राष्ट्रीय अध्यक्ष साहिबदयाल वधवा, राष्ट्रीय उपाध्यक्षा ज्योति कमल हांडा, राष्ट्रीय महासचिव परमजीत कोचर, प्रदेश अध्यक्ष औम प्रकाश चुघ, जिला अध्यक्ष रवि चंद हांडा व जिला महिला अध्यक्षा का आभार जताया है।

### पूजा मित्तल बनी हांसी जिला अध्यक्ष

**हांसी।** अग्रवाल वैश्य समाज की संगठनात्मक मजबूती एवं सामाजिक कार्यों को गति प्रदान करने के उद्देश्य से प्रदेशाध्यक्ष अशोक बुवानीवाला की अनुशंसा पर महिला प्रकोष्ठ की प्रदेशाध्यक्ष सुशीला सर्राफ द्वारा नई जिला कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। इस घोषणा के तहत हांसी निवासी पूजा मित्तल को महिला इकाई की जिला अध्यक्ष, सोनल सिंगला को जिला महासचिव तथा अंजु जैन को जिला कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नव-नियुक्त पदाधिकारियों पूजा मित्तल, सोनल सिंगला एवं अंजु जैन ने प्रदेश नेतृत्व एवं जिला कार्यकारिणी का आभार व्यक्त किया है।

# हिसार से हर 5 मिनट के अंतराल पर लैंड व टेक ऑफ कर सकेंगे हवाई जहाज

## एसीएस ने हवाई अड्डा परिसर का दौरा कर निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

सिविल एविएशन विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ जी अनुपमा ने बुधवार को महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डा परिसर का दौरा कर यहां के लंबित कार्यों व भविष्य की योजनाओं को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्हें अवगत करवाया गया कि हिसार हवाई अड्डे से प्रत्येक 5 मिनट के अंतराल पर हवाई जहाज लैंड तथा टेक ऑफ कर सकता है। कैट 2 तथा ऑटो पायलट मोड पर लैंड करने के लिए आइलैश जैसी अनुमतियां अभी मिलनी बाकी है। इस पर अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि लंबित अनुमतियों को लेकर डीजीसीए से निरंतर संपर्क में रहें। उन्हें अवगत करवाया गया कि अभी महाराजा अग्रसेन हिसार हवाई अड्डे से दिल्ली, जयपुर, चंडीगढ़ और अयोध्या के लिए उड़ान सेवा उपलब्ध है। जल्द ही अहमदाबाद और जम्मू के लिए हवाई सेवा आरंभ करना प्रस्तावित है।

### इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर के पहले चरण के बाद यहां काफी संख्या में होगा हवाई जहाजों का परिचालन

- लंबित कार्यों और भविष्य की योजनाओं को लेकर अधिकारियों की बैठक ली
- लंबित कार्यों को त्वरित गति से पूरा करने की दी हिदायत



अतिरिक्त मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि लोक निर्माण, सिंचाई, जन स्वास्थ्य विभाग तथा अन्य निर्माण एजेंसियों द्वारा एयरपोर्ट के लंबित कार्यों को त्वरित गति से पूरा किया जाए, क्योंकि इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर के पहले चरण की स्थापना के उपरांत यहां पर काफी संख्या में हवाई जहाजों का परिचालन होगा। उन्होंने हवाई सफर करने वाले यात्रियों के लिए परिसर में बेहतर बस सेवा उपलब्ध करवाने के भी निर्देश दिए। बैठक के उपरांत अतिरिक्त मुख्य सचिव ने हवाई अड्डा परिसर के रनवे टर्मिनल बिल्डिंग तथा एटीसी बिल्डिंग के निर्माण कार्यों के संबंध में भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर उपायुक्त महेंद्र पाल, अतिरिक्त उपायुक्त उत्सव आनंद, एयरपोर्ट डायरेक्टर ओपी सैनी, डीएम अजय सक्सेना, प्रोजेक्ट डायरेक्टर कैप्टन ए एस गिल, प्रोटोकोल ऑफीसर सतपाल आर्य, रॉबिन सिंह सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# कापड़ों में युवक को पकड़ने गई पुलिस से धक्का-मुक्की, दरोगा के स्टार फाड़े

## दो नामजद और चार अन्य युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस ने शुरू की छानबीन

### आरोपी गौरव और उसकी मां को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करके जेल भेजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौंद

हांसी जिले के गांव कापड़ों में आरोपित को पकड़ने गई पुलिस के साथ कुछ महिलाओं और युवकों ने हाथापाई कर आरोपित को पुलिस की गाड़ी से उतारकर भगा ले गए। इस दौरान चौकी प्रभारी की वर्दी फाड़ कर उसके स्टार भी ले गए। पुलिस ने इस मामले में दो नामजद ओर चार अन्य युवकों पर विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

इस मामले में पुलिस ने आरोपी गौरव और उसकी मां को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल है। जिनको कोर्ट में पेश करके जेल भेज दिया हैं। खेड़ी चोपटा चौकी प्रभारी महेंद्र सिंह और अन्य पुलिसकर्मी एक युवक को पकड़ने के लिए मंगलवार की रात को गांव कापड़ों में पहुंचे। उन्होंने एक घर से अवैध शराब तैयार करने का लाहन का एक ड्रम ओर छोटी केनी बरामद की। इसके आरोप में गांव किछाना निवासी गौरव जो पिछले 18 सालों से अपने मामा के घर गांव कापड़ों में रह रहा हैं। जब पुलिस ने उसको पकड़ कर गाड़ी में बैठाया तो तीन-चार युवक और महिलाएं पुलिस की गाड़ी के आगे आकर खड़े हो गए व उसको छोड़ने के लिए बहस करने लगे। शोर सुनकर मौके पर भीड़ इकट्ठी हो गई और पुलिस के साथ धक्का मुक्की करनी शुरू कर दी। एक महिला गाड़ी के आगे खड़ी हो गई और कुछ युवक आरोपित को पीछे से उसको उतार कर भगा कर ले गए। इस दौरान चौकी प्रभारी महेंद्र सिंह के साथ भी बदतमीजी की गईं और उनके साथ धक्का मुक्की कर उनकी वर्दी फाड़ दी और स्टार भी तोड़ दिए।

उधर, इस संबंध में थाना प्रभारी रमेश कुमार ने बताया कि इस मामले में आरोपित गौरव ओर उसकी मां बीता उर्फ बाला को गिरफ्तार करने कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उनको जेल भेज दिया गया हैं। मामले के अन्य आरोपितों को पकड़ने के लिए पुलिस उनके ठिकानों पर दबिश दे रही है। जल्द ही उनको भी पकड़ लिया जाएगा।



नारनौंद। गांव कापड़ों में पुलिस की गाड़ी के सामने खड़े होकर हंगामा करते ग्रामीण।



# भाटला में आग लगने से 10 एकड़ गेहूं के फाने जले

## किसान ने ट्रैक्टर चलाकर बचाई फसल

**हांसी।** बरवाला रोड़ स्थित भाटला गांव में बुधवार सुबह खेतों में आग लग गई। घटना में करीब 10 एकड़ में खड़े गेहूं के फाने जलकर राख हो गए, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान हो गया। भाटला निवासी प्रशांत ने बताया कि वे सुबह करीब 9:30 बजे अपने खेत में थे। इस दौरान उन्होंने देखा कि हांसी-बरवाला रोड़ पर रजवाहे के पास उनके दूसरे खेत से धुआं उठ रहा था। मौके पर पहुंचने पर पता चला कि आग रजवाहे की तरफ से उनके खेत में खड़े गेहूं के फानों में आग लगी हुई है। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। खेत में खड़े करीब 8 एकड़ में पशुओं के लिए रखा गेहूं का चारा जलकर राख हो गया।

### फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

प्रशांत ने बताया कि आग लगने के नजदीक ही उसकी गेहूं की तैयार फसल भी खड़ी थी। आग को गेहूं की फसल की और बढ़ता देख उसने तुरंत डायल –112 तथा फायर ब्रिगेड को फोन कर खेत में आग लगने की सूचना दी और खेत में तैयार खड़ी गेहूं की फसल को बचाने तथा आग को आगे बढ़ने से रोकने के लिए खेत में तैयार फसल की ओर आग को बढ़ने से रोकने के लिए खेत में ट्रैक्टर चला दिया। वहीं सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंचीं। करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया। प्रशांत ने बताया कि आग लगने से पशुओं के चारे के जलने से उन्हें काफी नुकसान हुआ है और अब उसे पशुओं के लिए तुड़ी खरीदनी पड़ेगी। प्रशांत ने खेत में आग लगने से हुए नुकसान की भरपाई के प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।



हिसार। आरडी सिटी सेंटर में सीलिंग की आशंका के चलते बंद पड़ी दुकानें व धरने पर बैठे दुकानदार।

# आरडी सिटी सेंटर सील करने पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक, दुकानदारों को मिली राहत

- पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने जारी किया स्टे ऑर्डर

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने अपने महत्वपूर्ण फैसले में शहर के रेलवे रोड स्थित आरडी सिटी सेंटर पर सील करने पर रोक लगा दी है। हाईकोर्ट ने इस संबंध में स्टे ऑर्डर जारी किया है। नगर निगम आयुक्त नीरज ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि स्टे के बाद अब नगर निगम सीलिंग कार्रवाई नहीं करेगा। हालांकि अभी तक कोर्ट ऑर्डर की कॉपी नहीं आई है। इससे पहले हाईकोर्ट आदेशों के बाद नगर निगम आयुक्त ने 15 अप्रैल को सीलिंग का नोटिस जारी कर दुकानदारों को सामान निकालने के लिए एक सप्ताह का समय दिया था, जिसकी समय सीमा मंगलवार शाम समाप्त हो गई। इसी को लेकर आरडी सिटी सेंटर के दुकानदार दरी बिछाकर मुख्य गेट पर धरने बैठ गए। दुकानदारों का कहना है कि वह दुकानें खाली नहीं करेंगे। बिल्डिंग में रैंप की कमी थी जिसे पूरा कर दिया गया है। बता दें कि इस मॉल के सील होने से करीब 100 दुकानें प्रभावित होंगी, जिससे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े 300 से ज्यादा परिवारों के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया है।

### यह है पूरा मामला

अनुराग मल्होत्रा द्वारा पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट में दायर याचिका के बाद इस मॉल की खामियां परत-दर-परत खुलीं। आरोप है कि बेसमेंट में जहां नियमानुसार पार्किंग होनी चाहिए थी, वहां अवैध रूप से दुकानें बना दी गईं। आरोप है कि नक्शा धोखाधड़ी से पास कराया गया और आपातकालीन निकास (एमरजेंसी गेट) तक की व्यवस्था नहीं की गई। डेवलपर्स पर बगल वाली गली को अवैध रूप से अपनी संपति में शामिल करने का भी आरोप है। इससे पहले बुधवार को होने वाली कार्रवाई की आशंका को देखते हुए नगर निगम ने पुलिस बल की मांग की थी। अधिकारियों का कहना था कि वे केवल हाईकोर्ट की डबल बेंच (चीफ जस्टिस शील नागू और जस्टिस अनिल क्षेत्रपाल) के आदेशों की पालना कर रहे हैं। मॉल के मालिकों (राधेगोपाल डेवलपर्स) पर नियमों के घोर उल्लंघन के आरोप सिद्ध होने के बाद अब राहत की कोई गुंजाइश नहीं बची है।

# दो महीने पहले ही नौकरी पर रखे गए शेफ ने केक हाउस पर किया हाथ साफ

## रात को ताला खोल गाड़ी में लोड करके ले गया कीमती सामान

## फोन करने पर बोला, मुझे ढूंढना मत, मैं बहुत दूर जा चुका हूं

हरिभूमि न्यूज ⏩ हिसार

सेक्टर 13 स्थित विन्नी केक हाउस पर लाखों की चोरी का समाचार है। चोरी करने वाला कोई और नहीं बल्कि केक हाउस का मुख्य शेफ बताया गया है। वह रात को ताला खोलकर गाड़ी में कीमती सामान, मशीनें और कैश ले गया। सिविल लाइन थाना में आरोपी शेफ सिराज अंसारी के खिलाफ दी शिकायत दी गई है। है। इस घटना का एक सीसीटीवी भी सामने आया है जिसमें दिल्ली नंबर की छोटी गाड़ी में दो व्यक्ति रात को सामान लोड करते नजर आ रहे हैं। पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद राइडर की टीम को मौके पर भेजा।विन्नी केक हाउस की ऑनर अलीशा का कहना है कि हमारा पांच से साढ़े पांच लाख का नुकसान हुआ है। केक हाउस की मालिक अलीशा ने बताया कि दो महीना पहले ही शेफ को रखा था। शेफ ड्राई फ्रूट्स, केक बनाने वाली मशीन, चाकलेट की बाल्टी, डीवीआर, गल्ले में रखा कैश और खाने-पीने का सामान ले गया। अलीशा ने बताया कि शेफ ने एक दिन पहले शाम को केक हाउस की चाबी हमसे ली थी, हमने कभी नहीं सोचा था वह चोरी करेगा। सुबह जब भाई जिम जाने के लिए दुकान में रखे जूते पहनने आया तो उसने देखा कि दुकान से सामान गायब है। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।





हिसार। शहर का मशहूर केक हाउस व चोरी के बाद निकाली गई डीवीआर।

### फ्रैंचाइजी की ओर से आया था दिल्ली का सिराज अंसारी

अलीशा ने बताया कि दो महीना पहले आए शेफ का नाम सिराज अंसारी था। कभी नहीं लगा वह चोरी करेगा। वह दिल्ली के रिठाला एरिया का रहने वाला है। पुलिस को हमने कंप्लेट दे दी है।अलीशा ने बताया कि आज कुछ केक के हमें ऑर्डर देने थे जो तैयार पड़े थे। शेफ वो केक भी ले गया। अलीशा ने बताया कि हमारी फ्रैंचाइजी की ओर से यह शेफ आया था। सुबह जब उसे फोन मिलाया तो उसने कहा मुझे ढूंढना मत, मैं बहुत दूर जा चुका हूं।

त्यागपत्र | जिला पार्षद सुनील माजरा ने भेजा इस्तीफा, लोगों से माफी मांगी

# फेसबुक अकाउंट पर लिखा: मैं लोगों की अपेक्षा पर खरा नहीं उतर पाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौंद

गांव माजरा के सुनील माजरा वार्ड 29 से जिला पार्षद हैं। उन्होंने जिला परिषद् के सीईओ ओर जिला परिषद के चेयरमैन के पास पत्र लिखकर इस्तीफा भेज दिया है। अभी तक उनका इस्तीफा मंजूर नहीं किया गया हैं।



बता दें कि गांव माजरा निवासी सुनील माजरा ने जिला परिषद् के वार्ड 29 से चुनाव लड़ा था और वे चुनाव जीतकर पार्षद बन गए थे। उनके कार्यकाल में काफी विकास कार्य भी करवाए जा रहे हैं। बुधवार को सुनील माजरा ने जिला परिषद् के सीईओ सुभाष चंद्र को एक पत्र दिया जिसमे उसने लिखा हुआ था कि वे अपने निजी कारणों के चलते जिला पार्षद की जिम्मेदारी को अच्छी तरह से नहीं निभा पा रहा हूं। इसलिए वे अपने पद से इस्तीफा देना चाहता है। ये भी कहा कि वार्ड 29 का चार्ज सम्बन्धित अधिकारी या जिला परिषद चेयरमैन सोनू डाटा को सौंप दें।

जिला पार्षद सुनील माजरा ने अपने फेसबुक अकाउंट पर सीईओ और जिला परिषद के अध्यक्ष को सौंपे गए इस्तीफे की प्रतियां भी पोस्ट की है। उन्होंने यह भी लिखा कि वार्ड के जिन लोगों ने मुझ पर भरोसा जताया था मैं उनकी अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतर पाया। इसके लिए वह उसको क्षमा करें। उन्होंने वार्ड में काफी विकास कार्य भी करवाए हैं। गांव लोहारी राघो चार लाख ओर मोठ करनैल करीब साढ़े पांच लाख रुपये की लागत से चौपाल बनाने की राशि मंजूर की गई है। गांव माजरा में 18 लाख रुपये विकास कार्यों के लिए मंजूर किए गए हैं।

### लिखित में इस्तीफा दिया : चेयरमैन

इस संबंध में जिला परिषद के चेयरमैन सोनू डाटा ने बताया कि जिला पार्षद सुनील माजरा ने लिखित में इस्तीफा देने पत्र दिया है। इसके पीछे क्या कारण हो सकते हैं। अभी तक कोई खास कारण दिखाई नहीं दे रहा। उनके वार्ड में लगातार विकास कार्य भी हो रहे हैं।

मामले में नया मोड़

### पोस्टमार्टम व विसरा जांच से पता चलेगी विकास नगर में मरने वाले युवक की मौत की असली वजह

**हिसार।** शहर थाना क्षेत्र के विकास नगर एरिया के एक पीजी में एक युवक की मौत के मामले में नया मोड़ आया है। मामले की गंभीरता से जांच में जुटी पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि जिला भिवानी के लोहारू क्षेत्र के गांव ढाणी जोगी निवासी 23 वर्षीय युवक मोहित की मौत नशे की ओवरडोज के कारण नहीं हुई थी। जांच में पुलिस को ऐसी कोई सीरिंज नहीं मिली है, जिससे कि यह बात आभास होता हो कि मोहित ने नशा किया हो। उधर, पुलिस प्रवक्ता एएसआई मदन लाल का कहना है कि मृतक मोहित की मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम एवं विसरा जांच रिपोर्ट के आधार पर पता चल सकेगा। बता दें कि लैब टेक्नीशियन का काम करना वाला मोहित गुजवि के सामने विकास नगर में दोस्त के पीजी में बेसुध हालत में मिला था। उसके बाद उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया था।

प्रॉपर्टी एडवाइजर सुभाष मलिक हत्याकांड

# प्रोडक्शन वारंट पर लिया पुलिस पर फायरिंग करने का आरोपी

**हांसी।** प्रॉपर्टी एडवाइजर हत्याकांड में वारदात में प्रयुक्त अवैध पिस्तोल की बरामदगी के दौरान पुलिस पर फायरिंग करने वाले एक आरोपी को प्रोडक्शन वारंट पर लिया गया है।

शेखपुरा पुलिस चौकी इंचार्ज उप निरीक्षक जयसिंह ने बताया कि एचएसवीपी सेक्टर-6 निवासी प्रॉपर्टी एडवाइजर सुभाष मलिक के हत्याकांड में पुलिस पार्टी पर फायरिंग करने वाले मध्यप्रदेश के जिला छतरपुर के गांव देवरान गुलगंज निवासी आरोपी महेंद्र को हिसार जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि 8 फरवरी को आरोपी महेन्द्र ने पूछताछ के दौरान वारदात में प्रयुक्त हथियार को छुपाने के बारे में जानकारी दी थी। इसके पश्चात पुलिस टीम आरोपी से हथियार बरामदगी के उद्देश्य से उसके द्वारा बताए गए शेखपुरा क्षेत्र लेकर गए। जहां हथियार बरामदगी के दौरान आरोपी ने अचानक पुलिस पर फायरिंग कर दी, जिस पर पुलिस द्वारा आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की गई। इस दौरान आरोपी के पैर में गोली लगी थी। पुलिस पार्टी पर फायरिंग करने के आरोप में थाना सदर हांसी में आरोपी के खिलाफ एक अन्य अभियोग भी दर्ज किया गया था। जिस संदर्भ में जांच के लिए आरोपी को जिला जेल हिसार से प्रोडक्शन वारंट पर लाकर घटना स्थल की निशानदेही करवाई गई है।



शरीर के भीतर कोई बीमारी पनप रही है, इसकी जांच के लिए अलग-अलग टेस्ट तो किए ही जाते हैं। लेकिन अगर ध्यान दें तो आंखों से भी कई तरह के हेल्थ इंडिकेशंस मिल सकते हैं। इनमें से कुछ के बारे में जानिए।

# आंखें देती हैं हेल्थ इंडिकेशंस



एलर्टनेस

डॉ. मधुस्मिता बेहेरा
नेत्र रोग विशेषज्ञ

हमारी आंखें, शारीरिक स्वास्थ्य की खिड़की जैसी होती हैं। इसलिए सेहत पर नजर रखने के लिए समय-समय पर नेत्र रोग विशेषज्ञ को जरूर दिखाते रहें। आंखों के पिछले हिस्से यानी रेटिना से चिकित्सक को आपकी नर्व्स और ब्लड वेसल्स का हाल पता चल जाता है। इनका बारीकी से मुआयना करने पर कई खतरनाक रोगों का शुरुआती चरण में ही पता चल जाता है, जिससे समय पर इलाज शुरू करवा कर जटिलताओं से बचा जा सकता है।

**ब्रेन हेल्थः** आंखों की पुतली और ऑप्टिक नर्व सीधे मस्तिष्क से जुड़ी होती हैं, जिससे ट्यूमर या अल्जाइमर जैसी स्थितियों का संकेत मिल सकता है। आंखों के पीछे रेटिना में वसा और कैल्शियम के छोटे जमाव अल्जाइमर रोग का संकेत हो सकते हैं। शोध के अनुसार, दृष्टि में बदलाव डिमेंशिया के निदान से कई साल पहले आ सकते हैं।

**ब्रेन ट्यूमरः** आंखों की जांच के दौरान ऑप्टिक नर्व (दृष्टि तंत्रिका) में सूजन या दबाव का पता चल सकता है, जो मस्तिष्क में ट्यूमर का संकेत हो सकता है।

**हृदय रोगः** पलकों के आस-पास वसा जमा होना या रक्त वाहिकाओं की स्थिति हृदय संबंधी जोखिमों को दर्शा सकती है। फ्लोरिडा (अमेरिका) की नोवा साउथ ईस्टर्न यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ ऑप्टोमेट्री आई केयर इंस्टीट्यूट के एसोसिएट प्रोफेसर और नेत्र रोग विशेषज्ञ जोसेफ पिजिमेंटी कहते हैं कि हम आंखों के चेकअप से ब्रेन ट्यूमर और ब्रेस्ट कैंसर से लेकर लंग्स कैंसर तक का पता लगा सकते हैं जिनका प्रभाव आंखों तक पहुंच जाता है। नेत्र रोग विशेषज्ञ मरीज की दृष्टि में आए परिवर्तन की जांच करके ब्रेन ट्यूमर का पता लगा सकते हैं।

**डायबिटीजः** टाइप 2 डायबिटीज के शुरुआती संकेतों में से एक है रेटीना में मामूली मात्रा में ब्लीडिंग होना, जो डायबिटिक रेटीनोपैथी का लक्षण है। इसका समय पर इलाज शुरू न किया जाए, तो मरीज अपनी दृष्टि पूरी तरह खो सकता है। डायबिटिक रेटिनोपैथी का शुरुआती चरण में पता चल जाए तो जीवनशैली में बदलाव लाकर, पौष्टिक भोजन के माध्यम से और वजन घटाकर दृष्टिहीनता के खतरे को कम किया जा सकता है।

**उच्च रक्तचापः** न्यूयॉर्क (अमेरिका) की विल कोर्नेल मेडिकल कॉलेज में ऑफ्थेल्मोलॉजी की प्रोफेसर जेसिका सिराल्सकी कहती हैं, ब्लड वेसल्स को पहुंची क्षति, धमनियों में सिकुड़न और उनका कमजोर होना आदि उच्च रक्तचाप की निशानी हो सकते हैं। अमेरिकन जर्नल ऑफ मेडिसिन में प्रकाशित एक रिसर्च रिपोर्ट के मुताबिक रेटीना की छोटी ब्लड वेसल्स का संकरा होना हार्ट डिजीज का संकेतक हो सकता है।

**मल्टीपल स्क्लेरोसिसः** अमेरिकन ऑप्टोमेट्रिक एसोसिएशन के अध्यक्ष मिटशेल मुनसोन बताते हैं कि ऑप्टिक नर्व का इनफ्लेमेशन यानी ऑप्टिक न्यूराइटिस, मल्टीपल स्क्लेरोसिस का शुरुआती लक्षण हो सकता है। मल्टीपल स्क्लेरोसिस के 75 फीसदी मरीजों में ऑप्टिक न्यूराइटिस होता है। लेकिन ऑप्टिक न्यूराइटिस का मतलब यह जरूरी नहीं कि मरीज को एमएस डिजीज भी हों, यह किसी अन्य कारण से भी हो सकता है।

**रूमेटाइड आर्थराइटिसः** विशेषज्ञ बताते हैं कि रूमेटाइड आर्थराइटिस के 25 फीसदी मरीजों में आंखों की समस्या भी पाई जाती है। जिनमें ड्राई आइज की समस्या सबसे आम है। अगर किसी मरीज की आइरिस में साल में दो बार दर्द और इन्फ्लेमेशन की शिकायत हो, तो उसमें रूमेटाइड आर्थराइटिस की संभावना होती है।

कहने का सार है कि आपको अपनी आंखों की रेग्युलर जांच करानी चाहिए। *

प्रस्तुतिः अंजू जैन

---

स्वस्थ, ऊर्जावान और दीर्घायु जीवन की कामना लगभग सभी लोग करते हैं। लेकिन इसके लिए अपनी जीवनशैली में किन बातों को अमल में लाना जरूरी होता है, इस बारे में कम लोग ही जानते हैं। विभिन्न अध्ययनों पर आधारित हम यहां दस ऐसे कारगर सूत्रों के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें अपनाकर आप लंबे समय तक स्वस्थ, ऊर्जावान जीवन जी सकते हैं।

# 10 स्वस्थ जीवन के लिए अपनाएं सरल-कारगर सूत्र

हेल्थ सजेशन

शिखर चंद जैन

सभी हेल्थ एक्सपर्ट्स का यह मानना है कि स्वस्थ-निरोगी तन और दीर्घायु जीवन रातों-रात प्राप्त नहीं किया जा सकता है। बल्कि यह हमारे रोजमर्रा की जीवनशैली में शामिल छोटी-छोटी अच्छी आदतों का परिणाम होता है। आपकी जीवनशैली और अच्छे स्वास्थ्य के बीच सीधा संबंध होता है। आधुनिक विज्ञान यह साबित कर चुका है कि हमारी दैनिक आदतें हमारे जीन से भी ज्यादा प्रभावशाली हो सकती हैं। वैज्ञानिक शोधों के आधार पर यहां 10 ऐसी हैबिट्स के बारे में बता रहे हैं, जो आपका अच्छा स्वास्थ्य तय करते हैं। यानी इन सूत्रों पर अमल करके आप स्वस्थ और ऊर्जावान बने रह सकते हैं।

## प्लांट-बेस्ड डाइट को अपनाएं

दुनिया में मौजूद 'ब्लू जोन' (जहां रहने वाले लोग सबसे ज्यादा जीते हैं) पर किए गए अध्ययनों से पता चला है कि फल, सब्जियां और साबुत अनाज आधारित भोजन, कैंसर और हृदय रोगों को दूर रखता है। इसके लिए आपके भोजन की थाली का आधा हिस्सा फलों और सब्जियों से भरा होना चाहिए। साबुत अनाज (ओट्स, ब्राउन राइस) और बींस (दालें, मटर, लोबिया) को भी अपने आहार में शामिल करना लाभकारी होता है। पशु उत्पादों (मांस, डेयरी) को अपने आहार में कम शामिल करें, पूरी तरह बंद करना अनिवार्य नहीं है। प्रोसेस्ड फूड के सेवन से बचें और साबुत खाद्य पदार्थों का अधिक से अधिक सेवन करें।

## सर्केडियन रिदम रखें सही

सर्केडियन रिदम यानी शरीर की आंतरिक 24 घंटे एक्टिव रहने वाली घड़ी। यही हमारे सोने-जागने, हार्मोन स्तर, मेटाबॉलिज्म और तापमान को नियंत्रित करके स्वास्थ्य को बनाए रखती है। यह रात में मेलाटोनिन जारी कर अच्छी नींद, दिन में ऊर्जा और शरीर को रिपेयर करने में मदद करती है, जिससे तनाव कम होता है और शुगर/बी.पी. जैसी बीमारियों का जोखिम घटता है। शोध बताते हैं कि शरीर की आंतरिक घड़ी के अनुसार जागना और सोना मेटाबॉलिज्म को ठीक रखता है। समय पर सोने से हृदय रोग और डायबिटीज का खतरा कम होता है।



## तनाव प्रबंधन है बहुत जरूरी

अच्छे जीवन के लिए तनाव प्रबंधन भी जरूरी है। तनाव प्रबंधन, शरीर में कोर्टिसोल के स्तर को कम करके, रक्तचाप को नियंत्रित रखकर और रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाकर शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को दुरुस्त रखता है। नियमित व्यायाम, पौष्टिक भोजन, पर्याप्त नींद और योग/ध्यान के माध्यम से तनाव प्रबंधन किया जा सकता है। यह अनिद्रा और थकान को दूर करता है, जिससे हृदय रोग और पुरानी बीमारियों का जोखिम कम होता है। लंबे समय तक तनाव रहने से 'कार्टिसोल' हार्मोन का स्तर बढ़ता है। रिसर्च कहती है कि ध्यान और योग क्रॉनिक इंफ्लेमेशन को कम करते हैं।







## अच्छी हो नींद की गुणवत्ता

'नेशनल स्लीप फाउंडेशन' के अनुसार, डेली 7-9 घंटे की गहरी नींद मस्तिष्क से विषाक्त पदार्थों को साफ करती है, जिससे अल्जाइमर जैसी बीमारियों का खतरा कम होता है। अच्छी नींद की गुणवत्ता शारीरिक मरम्मत, मानसिक स्पष्टता और भावनात्मक संतुलन के लिए अनिवार्य है। यह इम्यून सिस्टम को मजबूत करती है, तनाव वाले हार्मोन के स्तर को कम करती है, याददाश्त बढ़ाती है और वजन प्रबंधन में मदद करती है। बिना रुकावट वाली गहरी नींद, आपको ऊर्जावान बनाए रखने और पुरानी बीमारियों के जोखिम को कम करने के लिए भी जरूरी है।

## सक्रिय जीवनशैली को अपनाएं

अच्छी हेल्थ के लिए सक्रिय जीवनशैली भी बहुत मायने रखती है। 'हार्वर्ड हेल्थ' (हार्वर्ड मेडिकल स्कूल) के अनुसार, रोजाना 30 मिनट की वॉकिंग दीर्घायु होने में सहायक हो सकती है। व्यायाम न केवल वजन घटाता है, बल्कि एंडोर्फिन नामक हार्मोन जारी करता है, जो मानसिक स्वास्थ्य सुधारता है। सक्रिय जीवनशैली, हृदय के स्वास्थ्य, वजन नियंत्रण और मानसिक मजबूती बढ़ाकर शरीर को स्वस्थ रखती है। यह हृदय रोगों, मधुमेह और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के खतरे को कम करती है। इसके साथ ही मांसपेशियों/ हड्डियों को मजबूत बनाकर जीवन प्रत्याशा में वृद्धि भी करती है।



## सामाजिक जुड़ाव है बहुत जरूरी

'हार्वर्ड स्टडी ऑफ एडल्ट डेवलपमेंट' (करीब 80 साल तक चली स्टडी) में पाया गया कि अच्छे रिश्ते हमें खुश और स्वस्थ रखते हैं। अकेलापन, धूम्रपान जितना ही हानिकारक होता है। सामाजिक जुड़ाव मानसिक तनाव, अवसाद और चिंता को कम करके, दीर्घकालिक बीमारियों का जोखिम घटाकर और स्वस्थ व्यवहारों (जैसे व्यायाम, अच्छी नींद) को बढ़ावा देकर स्वास्थ्य में सुधार करता है। परिवार और दोस्तों के साथ मजबूत रिश्ते सकारात्मक भावनाएं, जीवन में उद्देश्य प्रदान करते हैं, जिससे मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर रहता है।

## हाइड्रेशन लेवल ना हो कम

अच्छे स्वास्थ्य के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पीना भी आवश्यक होता है। ऐसा करना गुर्दे यानी किडनी की कार्यक्षमता और ऊर्जा के स्तर को बनाए रखता है। शोध बताते हैं कि सही मात्रा में हाइड्रेशन, त्वचा और पाचन के लिए भी अनिवार्य है। यह शारीरिक तापमान को नियंत्रित करता है, जोड़ों को चिकनाई प्रदान करता है, पोषक तत्वों का परिवहन करता है, ऊर्जा स्तर बनाए रखता है और पाचन में मदद करता है। रोजाना पर्याप्त मात्रा में पानी पीने से किडनी स्वस्थ रहती है और विषाक्त पदार्थ बाहर निकलते रहते हैं।

## गट हेल्थ हो सही

अच्छी हेल्थ और गट हेल्थ के रिलेशन पर किया गया हालिया रिसर्च, 'गट-ब्रेन एक्सिस' पर जोर देता है। प्रो-बायोटिक्स और फाइबर युक्त भोजन हमारे इम्यून सिस्टम को 70-80 प्रतिशत तक नियंत्रित करते हैं। इसलिए गट हेल्थ पर ध्यान दिया जाना जरूरी है।

## स्क्रीन टाइम ना हो अनलिमिटेड



**अत्यधिक मोबाइल** का उपयोग मानसिक थकान और आंखों की समस्याओं की वजह बन सकता है। कई शोध बताते हैं कि आज के समय में डिजिटल डिटॉक्स जरूरी हो गया है। स्क्रीन एडिक्शन के बजाय नेचर के करीब समय बिताने से ब्लड प्रेशर तुरंत कम होता है। स्क्रीन का कम उपयोग दिमाग को शांत करता है, जिससे किसी काम में ध्यान (फोकस) बेहतर होता है। आंखों की सुरक्षा के लिए हर 20 मिनट के बाद 20 सेकेंड के लिए 20 फीट दूर देखने (20-20-20 नियम) से आंखों का सूखापन और तनाव कम होता है। स्क्रीन-मुक्त समय में टहलने, योग करने या हॉबी अपनाने से शारीरिक गतिविधि बढ़ती है और मोटापा कम होता है। भोजन के समय या बेडरूम में फोन का उपयोग न करने से परिवार और दोस्तों के साथ क्वालिटी टाइम बिताने का अवसर मिलता है, इससे आपको खुशी मिलती है।

## नशीले पदार्थों से रहें दूर

प्रतिष्ठित मेडिकल जर्नल 'द लैंसेट' की रिपोर्ट के अनुसार, शराब, तंबाकू या किसी भी अन्य नशीले पदार्थ का सेवन किसी भी स्तर पर सुरक्षित नहीं है। यह सीधे तौर पर डीएनए को नुकसान पहुंचाते हैं, जो आगे चलकर गंभीर बीमारियों की वजह बन सकता है। इसलिए स्वस्थ और दीर्घायु जीवन के लिए किसी भी नशीले पदार्थ का किसी भी रूप में सेवन हानिकारक हो सकता है। यहां बताई गई बातों को अपनी जीवनशैली में अपनाकर निश्चित ही आप स्वस्थ और दीर्घायु जीवन जी सकते हैं। *

---

लगभग एक हजार बच्चों में से एक को हिप ज्वाइंट से जुड़ा डेवलपमेंटल डिसप्लेसिया रोग होता है। इसमें बच्चे की मूवमेंट प्रभावित हो सकती है। समय पर ट्रीटमेंट न कराने पर प्रॉब्लम बढ़ सकती है। इस बारे में डिटेल में जानिए।

# डेवलपमेंटल डिसप्लेसिया ऑफ हिप बच्चे के मूवमेंट को करता है प्रभावित

डिजीज

डॉ. अनुराग अग्रवाल
क्लिनिकल डायरेक्टर
ऑर्थोपेडिक्स, ज्वॉइंट रिप्लेसमेंट
मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स, फरीदाबाद

हाल ही में फिल्म एक्टर वरुण धवन की 2 साल की बेटी के एक फिजिकल प्रॉब्लम से उबरने की खबर सामने आई। उनकी बेटी डेवलपमेंटल डिसप्लेसिया ऑफ हिप (डीडीएच) नामक विकार से जूझ रही थी, जो अब उपचार के बाद ठीक है।

**क्या है यह रोगः** डेवलपमेंटल डिसप्लेसिया ऑफ हिप, बच्चों के हिप सॉकेट या कूल्हे के जोड़ में होने वाली विकृति है। इसे हिप डिसप्लेसिया भी कहा जाता है। जोड़ शरीर का वह हिस्सा होता है, जहां दो हड्डियां आपस में मिलती हैं। हिप का जोड़ जांघ की हड्डी (फीमर) और पेल्विस के बीच का जुड़ाव बिंदु होता है। डीडीएच में हिप का जोड़ नॉर्मल स्वस्थ जोड़े की तरह विकसित नहीं हो पाता और काफी उथला या ढीला हो जाता है। फीमोरल हेड बॉल (फीमर का ऊपरी भाग) पेल्विस में मौजूद हिप सॉकेट (एसीटैबुलम) में सही तरीके से फिट नहीं हो पाता और बाहर निकलने लगता है। जिसकी वजह से मरीज का हिप-लक्सेशन शुरू हो जाता है यानी हिप अपनी जगह से खिसक जाती है। जांघ के अंदरूनी हिस्से-ग्रोइन में सामान्य से ज्यादा गहरे स्किन-फोल्ड या क्रीज बन जाती हैं। पैर के बाहर की तरफ खोलने का मूवमेंट रुक जाता है। जिस पैर में यह दिक्कत होती है, वो पैर थोड़ा छोटा हो सकता है। बच्चे को हिप में अकड़न-सी महसूस होती है, मूवमेंट करने पर हिप के अंदर चटकने या क्लिक की आवाज आती है।

**क्या होता है असरः** डीडीएच डेवलपमेंटल डिसऑर्डर है, जो बचपन में ही हो जाता है। ध्यान न देने पर धीरे-धीरे समस्या बढ़ती जाती है। बच्चे को क्रॉनिक दर्द रहता है। उसके हिप के मूवमेंट बहुत कम हो जाते हैं। पैर छोटे-बड़े हो जाने पर बच्चे को चलने-फिरने में दिक्कत आती है। नजरअंदाज करने पर बड़े होने पर बच्चे को हिप ऑस्टिओअर्थराइटिस हो सकता है। यानी हिप खराब होने और चाल में स्थाई रूप से लंगड़ापन आने की संभावना रहती है। जबकि सही ढंग से उपचार होने पर बच्चा सामान्य जीवन जी सकता है।



**समस्या के कारणः** इस समस्या के कई कारण हो सकते हैं।

- आनुवांशिक, जेनेटिक फैक्टर्स की वजह से होता है।
- ब्रीच पाश्जीशन/उल्टे पैदा हुए बच्चे जो जन्म के समय सिर के बजाय हिप्स के माध्यम से पैदा होते हैं।
- प्री-मैच्योर पैदा हुए बच्चे।
- पैरेंट्स की गलत आदतें जैसे बच्चे को उठाते या सुलाते समय बच्चे के पैर सीधे करके हिप्स को चादर, टावल या कंबल से कसकर बांधना।

**किन्हें है खतराः** लड़कियों में लड़कों की अपेक्षा 80 प्रतिशत मामले ज्यादा होते हैं। पहली संतान को ज्यादा खतरा रहता है।

**न करें नजरअंदाजः** पैरेंट्स को इसके कोई भी लक्षण नजर आएं, तो डॉक्टर से कंसल्ट कर उपचार कराना चाहिए। बच्चे का पैरों की लंबाई या जांघों के आस-पास ग्रोइन एरिया के स्किन-फोल्ड असमान दिखाई दें, हिप के आस-पास हाथ लगाने पर कोई आवाज सुनाई दे या हिप के मूवमेंट प्रॉपर न हों या मूवमेंट सामान्य से कुछ कम लगे।

**कैसे होता है डायग्नोजः** डीडीएच को कंफर्म करने के लिए डॉक्टर बच्चे का हिप एब्डेक्शन टेस्ट या बार्लोस-मैनुअल टेस्ट करते हैं। साथ ही हिप फीमर की स्थिति की जांच के लिए 4-6 महीने के बच्चे का अल्ट्रासाउंड और बड़े बच्चे का एक्स-रे टेस्ट भी कराया जाता है।



**क्या है उपचारः** इस रोग का उपचार बच्चे की उम्र और समस्या की गंभीरता पर निर्भर करता है। 6 महीने से छोटे बच्चे का हिप हाथ लगाने पर अगर अंदर की तरफ रिड्यूस हो रहा है, तो बच्चे को पेल्विक हार्नेस ब्रेस लगाया जाता है। जो बच्चे के हिप्स को बाहर की तरफ फैलाकर और घुटनों को मोड़कर रखता है। हिप पर प्रेशर पड़ने से धीरे-धीरे रिड्यूस होकर स्टेबल हो जाता है। पेल्विस में एसीटैबुलम सॉकेट सही पोजीशन में आ जाता है, जिसमें फीमर हेड आसानी से फिट हो जाता है। शुरू में ब्रेस पूरे टाइम के लिए लगाया जाता है, कुछ टाइम बाद सिर्फ रात को लगाने के लिए कहा जाता है। अगर बच्चा 6 महीने से बड़ा है और हिप सही पोजीशन में नहीं जा पा रहा हो तो ऐसी स्थिति में हिप-रिडक्शन सर्जरी की जाती है और कुछ समय के लिए हिप स्पाइका कास्ट प्लास्टर लगाया जाता है। इस तरह की सर्जरी से पहले हिप को रिड्यूस करके सही पोजीशन में लाया जाता है। कुछ समय बाद यह फिट हो जाता है।

**रखें ध्यानः** बच्चे को डीडीएच की समस्या से बचाने के लिए पैरेंट्स को यहां बताई जा रही बातों पर अमल करना जरूरी है।

- पैदा होने पर बच्चे के हिप्स को बहुत ज्यादा कसकर नहीं बांधें, ताकि बच्चा अपने घुटने को किक करने वाले मूवमेंट को आराम से कर सके।
- बच्चे के पैरों को लंबे समय तक जबरदस्ती सीधे करके नहीं रखें। हिप और घुटने का मूवमेंट होते रहना बहुत जरूरी है।
- बच्चे को उठाते समय ध्यान रखें कि बच्चा फ्रॉग और एम पोजीशन में रहे ताकि बच्चे का हिप्स और हिप सॉकेट एसीटैबुलम ठीक पोजीशन में हो।
- बच्चे को सीट पर बिठाते समय ध्यान रखें कि उसके घुटने-हिप्स के ऊपर हों।
- बच्चों के चलने-फिरने और फिजिकल ग्रोथ पर नजर रखें। किसी भी तरह की असामान्यता नजर आने पर यथाशीघ्र मेडिकल सलाह लें। *

प्रस्तुतिः रजनी अरोड़ा

---

हालांकि अब देश में मलेरिया के मामले कम ही आते हैं। लेकिन अभी इसका पूरी तरह उन्मूलन नहीं हो सका है। **25 अप्रैल, विश्व मलेरिया दिवस** के मौके पर जानिए, मलेरिया उन्मूलन में क्या समस्याएं हैं और इसमें हम कैसे सहयोग दे सकते हैं।

# जब सभी लोग करेंगे प्रयास तभी मिलेगी मलेरिया से मुक्ति

अवेयरनेस

डॉ. माजिद अलीम

हर साल 25 अप्रैल को मनाया जाने वाला विश्व मलेरिया दिवस, केवल एक औपचारिक तारीख भर नहीं है बल्कि संकल्प का प्रतीक है। बीते एक दशक से हमारे देश ने इस दिशा में काफी प्रगति की है। यह प्रगति आशा जगाती है कि वह दिन अब दूर नहीं है, जब भारत मलेरिया मुक्त देश बनेगा।

**कम हो रहे मलेरिया के मामलेः** विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार भारत में मलेरिया के मामलों और मौतों में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई है। साल 2015 के बाद से मलेरिया के मामलों और मलेरिया से होने वाली मृत्यु दर में 70 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट हासिल की है और यह उपलब्धि राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम और राज्यों के संबंधित प्रयास से हासिल हुई है।

**बनी हुई है चुनौतीः** इस उपलब्धि के बावजूद देश के कई राज्यों मसलन ओडिशा, छत्तीसगढ़, झारखंड और पूर्वोत्तर राज्यों में विशेषकर इनके आदिवासी क्षेत्रों में आज भी मलेरिया एक बड़ी चुनौती बना हुआ है, जिसका बड़ा कारण इन इलाकों की भौगोलिक कठिनाइयां, स्वास्थ्य सेवाओं की कमी और जागरूकता का अभाव है। फिर भी धीरे-धीरे हम अपने मलेरिया मुक्त लक्ष्य की तरफ बढ़ रहे हैं। भारत सरकार ने साल 2030 तक मलेरिया उन्मूलन का लक्ष्य रखा है। यही वजह है कि पिछले कुछ सालों से सरकार एक साथ कई मोर्चों पर काम कर रही है।



**रोग के कारण-लक्षणः** मलेरिया एक परजीवी रोग है, जो प्लास्मोडियम नामक परजीवी के कारण होता है और यह संक्रमित मादा एनाफिलीज मच्छर के काटने से फैलता है। मलेरिया के प्रमुख लक्षणों में है- तेज बुखार और ठंड लगना, सिर दर्द और उल्टी, शरीर में दर्द या कमजोरी, गंभीर मामलों में बेहोशी और यदि समय पर इलाज न मिले तो मलेरिया जानलेवा भी हो सकता है। खासकर बच्चों और गर्भवती महिलाओं के लिए।

**उन्मूलन के प्रयास हैं जारीः** साल 2030 तक हम मलेरिया मुक्त हो सकें, इसके लिए सरकार कई स्तरों पर प्रयास कर रही है। जैसे- मच्छरों के प्रजनन स्थलों को, विशेषकर इसके सीजन में, खत्म करने का अभियान चलया जाता है, जिसके लिए रुके हुए पानी में कीटनाशकों का छिड़काव किया जाता है और लोगों को मच्छरदानी के अंदर सोने के लिए आगाह किया जाता है। डिजिटल निगरानी, ड्रोन के माध्यम से कीटनाशकों का छिड़काव और डेटा आधारित रणनीति तैयार की जाती है, जिससे मलेरिया के रोकथाम में स्थाई कमी आए, यह लक्ष्य होता है। स्कूलों, पंचायतों और मीडिया के माध्यम से लोगों को मलेरिया के संबंध में जागरूक किया जाता है कि समय रहते मलेरिया से कैसे बचा जा सके? मलेरिया का उन्मूलन तभी संभव होगा, जब सरकार के साथ-साथ आम जनता भी इस मामले में संवेदनशील होगी और सिर्फ सरकार के भरोसे हाथ पर हाथ धरे नहीं बैठेगी बल्कि अपने हिस्से की भी जरूरी सावधानियां बरतेगी, तभी मलेरिया जैसी खतरनाक बीमारी से पूरी तरह से मुक्ति संभव है। *

## मलेरिया से बचने के उपाय




- घर की खिड़कियों पर जाली लगवाएं।
- जिस मौसम में मच्छरों का प्रकोप होता है, कोशिश करें पूरी बांह के कपड़ें पहनें।
- घर के आसपास पानी न जमा होने दें।
- कूलर, टंकी और गमलों को नियमित रूप से साफ करते रहें।
- मच्छर भगाने वाले क्रीम/कॉयल आदि का इस्तेमाल करें।
- फीवर होने पर तुरंत ब्लड टेस्ट कराएं।
- डॉक्टर की सलाह के बिना कोई दवा न लें और घर के बुजुर्गों व बच्चों का विशेष रूप से ध्यान रखें।

**खबर संक्षेप**

## स्वच्छता नियम तोड़ने पर काटे चालान

**हिसार।** शहर को साफ-सुथरा बनाए रखने के लिए नगर निगम लगातार सख्त कदम उठा रहा है। इसी कड़ी में एएसआई राहुल सैनी, एएसआई राहुल पंवार ने मुलतानी चौक क्षेत्र में एक दुकानदार के द्वारा कचरा सेग्रीगेशन न करने पर चालान किया। इसके अलावा विजेता ने खजांचियान बाजार में एक दुकानदार के द्वारा कचरा सेग्रीगेशन ने करने पर चालान किया। एएसआई सन्नी ने अर्बन-एस्टेट क्षेत्र में तीन घरों के के कचरा सेग्रीगेशन न करने पर उनके चालान किए। नगर निगम की टीम ने कार्रवाई के साथ-साथ लोगों को स्वच्छता बनाए रखने और सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल से होने वाले नुकसान के बारे में भी जागरूक किया।

## नगर निगम की टीम ने पकड़े 23 बेसहारा पशु

**हिसार।** नगर निगम द्वारा बेसहारा पशुओं को पकड़ने का अभियान लगातार जारी है। इस अभियान के सहायक नोडल अधिकारी सुरेन्द्र वर्मा की देखरेख में नगर निगम की टीम ने बुधवार को विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई की। नोडल अधिकारी सुरेन्द्र वर्मा ने बताया कि नगर निगम की टीम ने कैंट, किसान कॉलोनी, सेक्टर 1-4, हनुमान कॉलोनी, ग्लोबल स्पेस, सेक्टर-25 के आस-पास क्षेत्र से 23 बेसहारा पशुओं को पकड़ा। पकड़े गए पशुओं को गोअभयारण्य भेज दिया गया है। एएसआई संदीप बिश्नोई व पुलिस विभाग की टीम भी मौजूद रही।

## चेक बाउंस मामले में उद्घोषित आरोपी काबू

**हांसी।** पीओ स्टाफ पुलिस ने चेक बाउंस मामले उद्घोषित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान भिवानी जिले के गांव खानक निवासी सोमवीर के रूप में हुई है। एएसआई मुकेश कुमार ने बताया की आरोपी सोमवीर चेक बाउंस के मामले में अदालत में पेशी से लगातार गैरहाजिर चल रहा था। जिसके चलते अदालत द्वारा वर्ष 2021 में उसे उद्घोषित आरोपी घोषित किया गया था। इसके पश्चात भी आरोपी अदालत द्वारा 5 मार्च को पुनः उसे उद्घोषित आरोपी घोषित किया गया, जिस पर पीओ स्टाफ द्वारा कार्रवाई करते हुए आरोपी को भिवानी से काबू कर लिया अदालत में पेश किया गया।

## सरेआम सट्टा खाईवाल करते एक गिरफ्तार

**हांसी।** सीआईए-2 पुलिस ने सरेआम सट्टा खाईवाली करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की पहचान चारकुतुब गेट निवासी अनिल कुमार के रूप में हुई है। एएसआई फिरोज खान ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक चार कुतुब गेट के पास स्ट्रीट लाइट की रोशनी में खुलेआम सट्टा खाईवाली कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर आरोपी को काबू कर तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 13,550 रुपये की नकदी बरामद हुई।

## अवैध शराब की 13 बोतल के साथ एक काबू


**हांसी।** भाटला पुलिस चौकी द्वारा 13 बोतल अवैध शराब के साथ एक आरोपी को काबू किया है। पुलिस टीम को सूचना मिली कि कुलाना निवासी हरीश अपने खेत पर अवैध रूप से शराब बेचने का कार्य करता है और वह थोड़ी देर में गांव से शराब लेकर ईंट भट्ठा के समीप स्थित खेत में लेकर आ रहा है। सूचना के आधार पुलिस टीम जब कुलाना की ढाणी के पास पहुंची तो सामने से एक व्यक्ति इलेक्ट्रिक स्कूटी पर आता दिखाई दिया, जो पुलिस को देखकर अचानक स्कूटी को मोड़कर खेतों की ओर भागने लगा। संदेह के आधार पर पुलिस ने आरोपी को काबू कर आरोपी की इलेक्ट्रिक स्कूटी की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 13 बोतल देशी शराब बरामद हुई।

## सरपंच व पंच पद के लिए नामांकन का कार्य शुरू

**आदमपुर।** आदमपुर एवं जवाहर नगर में 10 मई को होने वाले पंचायत चुनाव के लिए नामांकन भरने का कार्य शुरू हो गया है। नामांकन भरने के दूसरे दिन आदमपुर पंचायत के लिए सरपंच पद के लिए जगत अग्रवाल ने नामांकन दाखिल किया। इसके अतिरिक्त पंच पद के लिए भी कई युवाओं ने नामांकन दाखिल किया।

### एक करोड़ रुपये दिलाने का झांसा देकर टैक्स के नाम पर वसूली रकम

# साइबर फ्रॉड ने बुजुर्ग से 48 लाख ठगे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

पुलिस जहां आए दिन साइबर अपराध के प्रति जागरूक कर रही है वहीं अपराधी भी अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। इसी कड़ी में साइबर अपराधियों ने बैंक अधिकारी बनकर एक बुजुर्ग व एक युवा से लाखों की ठगी कर डाली। ठगों ने बुजुर्ग को आरबीआई का अधिकारी बताकर पीड़ित को एक करोड़ रुपये दिलाने का झांसा दिया और टैक्स के नाम पर एक महीने में 48 लाख रुपये हड़प लिए। दूसरे मामले में ठगों ने युवक के साथ 56 हजार 375 की धोखाधड़ी की। ठगों ने खुद को बैंक कर्मचारी बताकर जाल बिछाया और वॉट्सएप पर भेजे एक संदिग्ध लिंक के जरिए पीड़ित के कार्ड की जानकारी हासिल कर ली।

### सदमे से उबरकर दी शिकायत

पीड़ित ने बताया कि इतनी बड़ी राशि डूबने के कारण वह डिप्रेशन में चला गया था। लंबे समय तक चले इलाज और अब थोड़ा स्वस्थ होने के बाद उसने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है ताकि अन्य लोग इस तरह के जाल में न फंसें।

### पुलिस ने खंगालने शुरू किए 18 खाते

साइबर थाना पुलिस ने इस मामले में विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। जांच अधिकारी विनोद कुमार ने बताया कि जिन 18 खातों में पैसे भेजे गए हैं, उनके विवरण जुटाए जा रहे हैं। इनमें इंदिरा चक्रवर्ती, लिलिमा कुमारी, शेनल सुनील लोबो और मोहम्मद नौशाद जैसे नाम शामिल हैं।

### बैंक अधिकारी बनकर की ठगी

पहले मामले में अग्रोहा थाना के लांधड़ी गांव निवासी लगभग 60 वर्षीय सुभाष चंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि जून 2024 के दौरान उनके साथ यह ठगी हुई। कुमारपाल नाम के एक व्यक्ति ने खुद को भारतीय रिजर्व बैंक का अधिकारी बताकर उनसे संपर्क किया। ठग ने अपने वॉट्सएप पर आरबीआई का लोगो लगा रखा था ताकि पीड़ित को उस पर विश्वास हो जाए। आरोपी ने झांसा दिया कि उसे एक करोड़ रुपये की राशि मिलनी है, जिसके बदले में उसे टैक्स जमा करना होगा। शिकायत के अनुसार वर्ष 2024 में 1 जून से 24 जून के बीच आरोपियों ने पीड़ित को अपनी बातों में उलझाए रखा। सुभाष चंद्र ने ठगों के कहे अनुसार अपने एसबीआई खाते से विभिन्न चेक और ऑनलाइन माध्यमों से कुल 17-18 अलग-अलग बैंक खातों में पैसे ट्रांसफर किए। जब आरोपियों ने अपना मोबाइल बंद कर लिया, तब पीड़ित को ठगी का एहसास हुआ।

### घर बैठे रुपये कमाने का लालच दे ठगे 75 हजार

**हिसार।** साइबर अपराधियों ने एक गृहणी घर बैठकर रुपये कमाने का लालच देकर उससे 75 हजार रुपये लिए। शिकायत पुलिस को दे दी गई है। पुलिस को दी शिकायत में एचएयू में रहने वाली महिला ने बताया कि इंटरनेट पर घर बैठे कार्य करने का विज्ञापन देखा। इस पर क्लिक करने पर एक ग्रुप खुल गया जिसमें उसे घर बैठकर रुपये कमाने की बात लिखी हुई थी। साइबर अपराधियों की तरफ से होटल की फाइव स्टार रेटिंग करने का टास्क दिया गया। शुरूआत में 180 रुपये का लाभ दिया। इसके बाद दूसरा टास्क किया और 200 रुपये का लाभ दिया। फिर साइबर अपराधियों ने उसे टेलीग्राम आइडी से जोड़ दिया, फिर दो बार अलग-अलग टास्क में रुपये लगाने पर उसे लाभ मिला। इसके बाद पांच हजार रुपये टास्क किया लेकिन इस बार उसे कोई लाभ नहीं मिला। फिर तीन टास्क एक साथ करने को कहा तो उसने 20 हजार 50 हजार रुपये के दो टास्क कर दिए। इस बार भी उसे लाभ नहीं मिला और आरोपितों ने 80 हजार रुपये के टास्क पर रुपये लगाने को कहा तो उसे ठगी का अहसास हुआ। पुलिस ने केस दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है।

### निजी कंपनी के लेखाकार को 56 हजार की चपत

दूसरे मामले में गांव सातरोड कलां निवासी राहुल शर्मा ने पुलिस को बताया कि वह फरीदाबाद की एक निजी कंपनी में लेखाकार हैं। गत 20 अप्रैल को जब वह घर पर था, तो उसके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आई। फोन करने वाले ने खुद को एचडीएफसी बैंक का कर्मचारी बताया। उसने राहुल को झांसा दिया कि उनके क्रेडिट कार्ड पर कुछ रिवॉर्ड पॉइंट्स और बेनिफिट्स पेंडिंग हैं, जिन्हें वे रिडीम कर सकते हैं। शिकायत के अनुसार, ठग ने राहुल के व्हाट्सएप पर एक लिंक भेजा और कहा कि इसमें मांगी गई डिटेल भरकर सबमिट कर दें, जिसके बाद दो घंटे में बेनिफिट्स मिल जाएंगे। जैसे ही राहुल ने लिंक पर क्लिक कर अपने क्रेडिट कार्ड की जानकारी भरी, कुछ ही देर में उनके खाते से 56 हजार 375 कटने का मैसेज आ गया। ठगी का अहसास होते ही राहुल ने तुरंत कार्ड ब्लॉक करवाया और साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस दोनों मामलों की जांच कर रही है।

## दो नशा तस्कर गिरफ्तार 11.74 ग्राम चिट्टा बरामद

**नारनौंद।** पुलिस ने गांव राजथल से दो नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान रोहतक जिले के गांव सामण निवासी बिजेंद्र ओर सोनू के रूप में हुई हैं। एएसआई ने बताया कि पुलिस टीम नशीले पदार्थों की रोकथाम हेतु जींद रोड स्थित राजथल बस स्टैंड के पास गश्त पर मौजूद थी। इसी दौरान सूचना मिली कि बिजेन्द्र व सोनू निवासी गांव सामण अवैध रूप से चिट्टा बेचने का कार्य करते हैं और इस समय गांव राजथल में फौजी होटल के पास एक मोटरसाइकिल पर खड़े हैं। तुरंत कार्यवाही की जाए तो उन्हें काबू किया जा सकता है। पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर दबिश दी। पुलिस टीम को देखकर दोनों आरोपित युवक मोटरसाइकिल लेकर भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस टीम ने काबू कर लिया। जब उनसे पूछताछ की तो मोटरसाइकल के पीछे बैठे युवक ने अपना नाम बिजेन्द्र तथा चालक ने अपना नाम सोनू बताया। आरोपित युवक बिजेन्द्र की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 5.53 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। इसके बाद दूसरे युवक सोनू की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 6.21 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। कुल मिलाकर 11.74 ग्राम नशीला पदार्थ बरामद किया गया।



हिसार। बैठक में अधिकारियों को दिशा निर्देश देते अतिरिक्त उपायुक्त उत्सव आनंद।

## एडीसी ने दिए ब्लैक स्पॉट्स की पहचान कर सुधारात्मक कार्य करने के निर्देश

**हिसार।** लघु सचिवालय परिसर में बुधवार को अतिरिक्त उपायुक्त उत्सव आनंद की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए। एडीसी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे यातायात नियमों की सख्ती से पालना सुनिश्चित करवाएं और आमजन को भी इसके प्रति जागरूक करें। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें प्रत्येक नागरिक की भागीदारी भी जरूरी है। बैठक के दौरान ब्लैक स्पॉट्स की पहचान कर वहां सुधारात्मक कार्य करने, सड़कों पर उचित संकेतक लगाने, स्पीड लिमिट का पालन करवाने और हेलमेट व सीट बेल्ट के उपयोग को अनिवार्य बनाने पर विशेष जोर दिया गया। इसके साथ ही स्कूलों और कॉलेजों में सड़क सुरक्षा से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश भी दिए गए। अतिरिक्त उपायुक्त ने पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि वे नियमित रूप से चेकिंग अभियान चलाकर नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें ताकि जिले में सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावी रूप से कमी लाई जा सके।

## एसपी ने किया थाने का निरीक्षण

**बरवाला।** पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने बुधवार को बरवाला थाना का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उनके द्वारा प्रबन्धक थाना, प्रभारी चौकी व सभी अनुसंधानकर्ताओं की सीसीटीएनएस पार्ट ए व पार्ट बी मुताबिक अपराध गोष्ठी ली गई। पुलिस अधीक्षक ने थाना के रिकॉर्ड का निरीक्षण कर जांच की । निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने प्रभारी थाना बरवाला को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि थाना में आने वाली शिकायतों का इंद्राज कर उन पर कार्रवाई सुनिश्चित करे। सभी अपनी ड्यूटी जिम्मेदारी से निभाएं।

## पृथ्वी दिवस पर दिया स्वच्छता का संदेश

**हिसार।** गुरु गोरखनाथ राजकीय महाविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान विभाग और ईको क्लब ने नगर निगम के सहयोग से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यक्रम में अतिरिक्त निगम आयुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. विवेक सैनी ने की। विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यशाला में विद्यार्थियों को स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी गई। डॉ. प्रदीप हुड्डा ने छात्रों से स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी करने का आह्वान किया और घरों में कचरे को अलग-अलग करके सही तरीके से निस्तारण करने के लिए प्रेरित किया।

## ओपन नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में रोहतास को मिला सर्वश्रेष्ठ कोच का खिताब

**हिसार।** हजारों छात्राओं को निशुल्क सेल्फ डिफेंस तकनीक सिखाकर उन्हें आत्मरक्षा में निपुण करने वाले अंतरराष्ट्रीय कोच रोहतास कुमार को ओपन नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में सर्वश्रेष्ठ कोच अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। उनकी असाधारण प्रतिभा, अटूट समर्पण व खिलाड़ियों को निखारने के प्रति उनकी विशेष निष्ठा को देखते हुए इस अवॉर्ड से अलंकृत किया गया। यह उपलब्धि इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि यह सम्मान ताइक्वांडो के दिग्गजों द्वारा संयुक्त रूप से प्रदान किया गया। समालखा में आयोजित ओपन नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में कोच रोहतास कुमार को सम्मानित करने के उपरांत वाईटीआई स्पोर्ट्स के संस्थापक और टूर्नामेंट के मुख्य आयोजक मोहम्मद यामिन ने रोहतास कुमार के योगदान को अनुकरणीय बताया। टूर्नामेंट के टेक्निकल डायरेक्टर और दक्षिण कोरिया के प्रख्यात कुकिवॉन मुख्यालय से आठवें



डैन ब्लैक बेल्ट वोन योंग ली ने भी रोहतास कुमार की कोचिंग तकनीक और खेल के प्रति गहरी समझ की प्रशंसा की। कोच रोहतास ने कहा कि उनका उद्देश्य विद्यार्थियों व खिलाड़ियों को आत्मरक्षा में निपुण करने के साथ ही ताइक्वांडो खेल के लिए तैयार करना है। इस खेल से न केवल तन व मन स्वस्थ रहता है बल्कि इसे करियर के रूप में भी अपनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी कई राज्य व राष्ट्रीय सम्मान मिल चुके हैं लेकिन यह सम्मान उनके लिए विशेष है।

## हांसी जिले में 30.7 लाख क्विंटल गेहूं की आवक 21.12 लाख खरीद, 7.96 लाख का हुआ उठान

- हांसी में गेहूं खरीद कार्य चल रहा है सुचारू, किसानों को नहीं आने दी जा रही कोई परेशानी : डीसी
- बास अनाज मंडी में शुरू हो चुकी अटल श्रमिक कैंटीन की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

जिला की अनाज मंडियों में गेहूं की आवक तेजी से बढ़ रही है तथा प्रशासन द्वारा किसानों को अपनी फसल बेचने में किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। उपायुक्त राहुल नरवाल ने बताया कि हांसी अनाज मंडी के साथ-साथ सिसाय, घिराय, लोहड़ी राघो, नारनौंद, थुराना, कोथ कला, बास, खांडा खेड़ी सहित करीब एक दर्जन



हांसी। बास में खोली गई अटल कैंटीन पर खाना लेता। फोटो : हरिभूमि

फसल खरीद केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहां खरीद प्रक्रिया सुचारू रूप से जारी है। डीसी ने बताया कि सभी खरीद केंद्रों पर बिना किसी बाधा के गेहूं की खरीद की जा रही है और अधिकारियों व कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि किसानों को किसी भी स्तर पर परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि अब तक जिला की मंडियों एवं खरीद केंद्रों में 30,70,540 क्विंटल गेहूं की आवक हो चुकी है, जिसमें से 21,11,834 क्विंटल गेहूं की खरीद की जा चुकी है। इसके अलावा 7,95,731 क्विंटल गेहूं का उठान कार्य भी पूरा किया जा चुका है।

डीसी राहुल नरवाल ने बताया कि हांसी अनाज मंडी की तर्ज पर बास अनाज मंडी में भी अटल श्रमिक कैंटीन स्थापित की गई है। इन कैंटीनों में किसानों एवं मजदूरों को मात्र 10 रुपये में भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। इन कैंटीनों के संचालन की जिम्मेदारी स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को दी गई है, जिससे उन्हें रोजगार के अवसर भी प्राप्त हो रहे हैं।

### हड़ताली दमकल कर्मी आज आदमपुर, नलवा, हिसार व बरवाला के विधायकों को सौंपेंगे मांग पत्र

# वार्ता के बाद भी नहीं बनी सहमति, जारी रही हड़ताल

- मांगों का जल्द समाधान नहीं करने पर आंदोलन को तेज करने की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

नगर पालिका कर्मचारी संघ से संबंधित हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन की कर्मचारियों की मांगों को लेकर की जा रही हड़ताल बुधवार को 15वें दिन भी जारी रही। हड़ताल की अध्यक्षता लीडिंग फायरमैन सुशील ने की तथा संचालन जिला प्रधान राजेश महला द्वारा किया गया। यूनियन के आह्वान पर 23 अप्रैल को आदमपुर, नलवा, हिसार व बरवाला हलका के विधायकों को मांग पत्र दिए जाएंगे तथा 24-25 अप्रैल को उकलाना, हांसी व नारनौंद के विधायकों को मांग पत्र सौंपे जाएंगे। उधर, हड़ताल के समर्थन में नगर पालिका



हिसार। दमकल विभाग के हड़ताली कर्मचारियों को संबोधित करते यूनियन पदाधिकारी।

कर्मचारियो का जत्था व पब्लिक हेल्थ में कार्यरत सीवर मैन के जत्थे ने हड़ताली कर्मचारियों का समर्थन किया। यूनियन ने चेतावनी दी है कि यदि मांगों का जल्द समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को तेज किया जाएगा।

हड़ताली कर्मचारियों को संबोधित करते सर्व कर्मचारी संघ जिला प्रधान अशोक सैनी ने बताया कि सरकार को न तो कर्मचारी की चिंता है न आम जनता की। उन्होंने बताया कि समय रहते फायर के कर्मचारियों की मांगों का समाधान करें अन्यथा हड़ताल सभी विभागों के कर्मचारियों की हो सकती है जैसे नगर पालिका कर्मचारियों की 01-02 मई को दो दिन की प्रदेशव्यापी हड़ताल होने वाली है। इस दौरान हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन के राज्य उप प्रधान जसबीर श्योकंद ने हड़ताली कर्मचारियों को संबोधित करते हुए बताया कि 8 अप्रैल से दमकल कर्मचारियों की प्रदेशभर में राज्य स्तरीय ऐतिहासिक हड़ताल लगातार जारी है। उन्होंने बताया कि 3 अप्रैल और 6 अप्रैल को पंचकूला मुख्यालय में फायर महानिदेशक के साथ दो दौर की वार्ता हुई, जबकि 9 अप्रैल को एक अहम बैठक राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री विपुल गोयल के साथ चंडीगढ़ सचिवालय में संपन्न हुई। तीनों बैठकों में कर्मचारियों की मांगों पर कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया, जिससे कर्मचारियों में भारी रोष है। इस दौरान दलबीर नैन पूर्व जिला फायर अधिकारी, राजेश बागड़ी, रामफल शिकारपुर, सन्नी हार्बर, सुरेन्द्र गोलू, प्रवीन कुमार, दीपक लोट, कश्मीरी लाल, प्रदीप गोदारा, रमेश कुमार, कुलदीप गुर्जर, साधु, संजय, दीपक कौशिक, सतीश कुमार, नरेंद्र जांगड़ा व नरेश कुमार आदि भी मौजूद रहे।

### ये हैं यूनियन की मांगें

- फरीदाबाद के दिवंगत दोनों दमकल कर्मचारियों को शहीद का दर्जा दिया जाए, उनके आश्रितों को एक-एक करोड़ रुपये का मुआवजा, परिवार के एक सदस्य को पक्की सरकारी नौकरी प्रदान की जाए तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं के लिए स्थायी नीति बनाई जाए।
- विभाग अपने स्तर पर कच्चे दमकल कर्मचारियों को वर्ष 1996, 2018 एवं मार्च 2021 की नीतियों के अनुरूप वन टाइम पॉलिसी बनाकर विभाग में सृजित फायर ऑपरेटर के पदों पर पक्का किया जाए।
- कच्चे दमकल कर्मचारियों को 25,500 रुपए मूल वेतन + 58 प्रतिशत महंगाई भत्ता तथा सभी प्रकार के भत्ते दिए जाएं, इसके साथ वर्ष 2022 से एरियर का भुगतान किया जाए।
- रेगुलर कर्मचारियों के लिए लागू ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी में राहत प्रदान की जाए, ताकि कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान हो सके व कच्चे कर्मचारियों को वन टाइम पॉलिसी बनाकर गृह जिला प्रदान किया जाए।

**न्यूज डायरी**

## यदुवंशी शिक्षा निकेतन हांसी के छह विद्यार्थियों ने किया जेईई-मेन्स क्वालीफाई

**हांसी।** यदुवंशी शिक्षा निकेतन हांसी के विद्यार्थियों ने एक बार फिर जेईई-मेन परीक्षा परिणाम में अपना परचम लहराते हुए जेईई-एडवांस के लिए क्वालीफाई किया। हाल ही में घोषित परिणामों में संस्थान के 6 विद्यार्थियों ने कामयाबी हासिल की। स्कूल प्राचार्य सुनील कुमार ने बताया कि स्कूल छात्रा रिया गिल ने 99.51 परसेंटाइल लेकर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया। इसके अलावा विनीत ने 97.9, पंकज ने 91.97, दीपेंद्र 92.13, प्रीति ने 88.98 व प्रतीक ने 86.89 प्रतिशत अंक लेकर जनरल ईडब्ल्यूएस वर्ग में सफलता प्राप्त की। इस अवसर पर यदुवंशी ग्रुप आफ इंस्टिट्यूशंस के संस्थापक व चैयरमेन राव बहादुर सिंह ने सभी सफल अभ्यर्थियों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।





## नेफ्रोप्लस ने किया 'आशाएं 2026' कार्यक्रम

**हिसार।** डायलिसिस सेंटर्स के अग्रणी नेटवर्क, नेफ्रोप्लस ने जिंदल अस्पताल में अपने प्रमुख पेशेंट एंगेजमेंट प्रोग्राम 'आशाएं 2026' का आयोजन किया। यह कार्यक्रम डायलिसिस रोगियों, उनकी देखभाल करने वालों, डॉक्टरों और अस्पताल प्रबंधन को आशा, एकजुटता और संपूर्ण सेहत पर केंद्रित एक सार्थक दिन के लिए एक साथ लेकर आया। कार्यक्रम में लगभग 30-40 डायलिसिस रोगियों और 25-30 केयरगिवर्स के साथ-साथ नेफ्रोप्लस टीम, जिंदल अस्पताल प्रबंधन और प्रमुख चिकित्सा विशेषज्ञों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। रोगी-केंद्रित मंच के रूप में तैयार किए गए 'आशाएं' कार्यक्रम ने इस बात पर जोर दिया कि देखभाल केवल उपचार तक सीमित नहीं है। डॉक्टरों, रोगियों और केयरगिवर्स के बीच सार्थक बातचीत के माध्यम से यह कार्यक्रम खुशी, भावनात्मक संबल और सामुदायिक जुड़ाव लाने में सफल रहा। कार्यक्रम में चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा ज्ञानवर्धक सत्र आयोजित किए गए, जिनमें नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. दिशा अरोड़ा, जनरल सर्जन डॉ. जतिन बेदी और प्लास्टिक सर्जन डॉ. विकास जैन शामिल थे।

## डॉ. कालिंदी देव को मिला 'सर्वश्रेष्ठ अकादमिक पुरस्कार'

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के फिजियोथेरेपी विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. कालिंदी देव को 'उन्नत स्वास्थ्य सेवा एवं पुनर्वास विज्ञान पर राष्ट्रीय सम्मेलन' (एनसीएएचआरएस-एआईआईएमएस-2026) में प्रतिष्ठित 'सर्वश्रेष्ठ अकादमिक पुरस्कार' (उत्कृष्टता पुरस्कार) से सम्मानित किया गया है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एआईआईएमएस), नई दिल्ली में आयोजित यह दो-दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन 'बहु-विषयक देखभाल को पुनर्परिभाषित करना : उन्नत स्वास्थ्य सेवा के लिए साक्ष्य-आधारित दृष्टिकोण' विषय के तहत आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम ने पूरे देश से अग्रणी चिकित्सकों, शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों और पुनर्वास विशेषज्ञों को एक मंच पर एकत्रित किया, ताकि रोगी देखभाल के लिए अत्याधुनिक और एकीकृत दृष्टिकोणों पर विचार-विमर्श किया जा सके। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने डॉ. कालिंदी देव को बधाई दी।



## जाट कॉलेज की वंशिका ने युवा संसद में किया प्रतिनिधित्व

**हिसार।** छाजूराम मैमोरियल जाट कॉलेज की छात्रा वंशिका ने महिला युवा संसद में महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया है। महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. परविंदर दलाल ने बताया कि युवा एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत आने वाले माई भारत उपक्रम द्वारा आयोजित इस महिला युवा संसद का आयोजन हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में हुआ। इस युवा संसद में प्रदेश भर से 40 छात्राओं का चयन किया गया था जिसमें जाट महाविद्यालय की बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा वंशिका ने भी प्रतिभागिता की। वंशिका को महिला युवा संसद में गृह मंत्रालय का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला। वंशिका की उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र कुमार बाजिया ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि वंशिका की यह उपलब्धि महाविद्यालय के लिए गौरव का विषय है। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ सुरेन्द्र मलिक भी मौजूद रहे।






## प्रधान रवि आहुजा के समर्थन में व्यापारियों ने जताया रोष

**हिसार।** भगत सिंह मार्केट के प्रधान रविंद्र रवि आहुजा को बिना वॉरंट, बिना सर्च वॉरंट घर की तलाशी लेकर, पिस्टल लोड कर अपराधी की तरह उठाकर ले जाने की घटना पर शहर के व्यापारी वर्ग ने रोष जताया है। इस संबंध में बुधवार दोपहर राजगुरु मार्केट में एक बैठक हुई जिसमें घटना की निंदा करते हुए मुख्यमंत्री से उचित कार्रवाई की मांग की गई। बैठक में पूर्व मेयर गौतम सरदाना, पूर्व पार्षद पंकज दिवान, राजगुरु मार्किट एसोसिएशन से प्रधान एडवोकेट रवि मेहता, आर्य समाज मार्केट व न्यू राजगुरु मार्केट एसोसिएशन के प्रधान राजेन्द्र चुटानी, डोगरान बाजार एसोसिएशन के प्रधान प्रदीप शर्मा, अक्षय मलिक सभी कार्यकारिणी सदस्यों ने इस बात की घोर निंदा की कि जिस प्रकार से भगत सिंह मार्किट के प्रधान व अमन पसंद नागरिक रविन्द्र रवि आहुजा को आधी रात को पिस्टल में गोलियां भरकर कुख्यात अपराधी की भांति घर से उठाना जिसका एफआईआर में नाम भी नहीं था और न ही कोई शिकायतकर्ता था, पुलिस की इस बर्बरतापूर्ण घटना से पूरे व्यापारी समाज में रोष है। पूर्व मेयर गौतम सरदाना ने कहा कि रवि आहुजा बचपन से उनके पड़ोस में ही रहता है। कभी उस पर किसी तरह की कोई शिकायत तक दर्ज तक नहीं है। इस तरह पॉश इलाके में आम जनता को आधी रात के समय हथियार लेकर कार्रवाई करना और दहशत फैलाना गलत है। पुलिस अधिकारियों की गलत तरीके से की गई कार्रवाई के लिए मुख्यमंत्री से निष्पक्ष जांच की मांग की है।

## दिल्ली गेट से धोबी घाट तक चलाया सफाई अभियान

**हांसी।** नगर परिषद द्वारा शहर में चलाए जा रहे सैनिटेशन प्लान के तहत बुधवार को सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सफाई निरीक्षक संजय कुमार के नेतृत्व में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान दिल्ली से लेकर धोबी घाट तक व्यापक स्तर पर सफाई कार्य किया गया। नगर परिषद की टीमों ने सड़क किनारे जमा कचरे को उठाने, नालियों की सफाई करने तथा सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता सुनिश्चित करने का कार्य किया। इसके अलावा अभियान के दौरान सफाई कर्मचारियों द्वारा कूड़ा-करकट को निर्धारित स्थानों पर एकत्रित कर उसका उचित निपटान भी किया गया। सफाई निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के लिए इस प्रकार के अभियान नियमित रूप से चलाए जा रहे हैं।



## छह मोबाइल चोरी के मामले में आरोपी धरा

**बरवाला।** पुलिस ने मोबाइल चोरी के मामले में बिहार के मधुबनी जिले के गांव चोपड़ा रामनगर निवासी संजीव को गिरफ्तार किया है। पआरोपी के कब्जे से चोरी किए गए सभी 6 मोबाइल फोन बरामद कर लिए हैं। जांच अधिकारी सहायक उप निरीक्षक सुरेंद्र ने बताया कि इस संबंध में नई अनाज मंडी बरवाला में काम करने वाले बिहार निवासी चंदन ने शिकायत दी थी। शिकायत के अनुसार वह मजदूरों की ठेकेदारी करता है। गत 17-18 अप्रैल की रात जब वे अपने साथियों के साथ सो रहे थे, तब उनके साथ काम करने वाला एक मजदूर उनके 6 मोबाइल फोन चोरी करके फरार हो गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए बरवाला पुलिस ने तुरंत कार्रवाई शुरू की और आरोपी को धर लिया।

कार्यालय तहसीलदार / उप तहसीलदार हिसार कम साधिकार सहायक कलैक्टर द्वितिय श्रेणी हिसार।

दर्ज शुदा इन्तकाल न0 3938 मौजा तलवण्डी बादशाहपुर हिसार तह० व जिला हिसार।

क्रमांक 1685 OK दिनांक 22-4- 2026

उपरोक्त इंतकाल न0 3938 बरूवे वसियत रजि0 591 दिनाक 28.12.2005 चन्द्रमुखी पत्नी रामचन्द्र पुत्र नत्थुराम मुतवफी (मृत्यु तिथि 07.02.2024) बाहक मांगेराम - रामकिशन - रणजीत - औमप्रकाश - जगदीश - ईश्वर हर छः समभाग मौजा तलवण्डी बादशाहपुर तहसील व जिला हिसार के राजस्व रिकार्ड मे दर्ज होकर प्रस्तुत हुआ है। इस से संबंधित रोशनी - नोरंगी - पार्वती - गुडडी पुत्रीयान चन्द्रमुखी को साधारण ढंग से नोटिस तामिल करवाया जाना संभव ना है। अतः इस इश्तहार लोकल व राष्ट्रीय अखबार के माध्यम से सम्बधित को सूचित किया जाता है। कि उक्त इंतकाल बारे सम्बधित पक्ष को कोई आपति हो तो वह इस कार्यालय मे असालतन / वकालतन उपस्थित होकर अपनी आपति दर्ज करवा सकता है। यदि निश्चित तिथि या इश्तहार अखबार जारी होने की तिथि से आगामी 30 दिन की अवधि तक यदि सम्बधित पक्ष द्वारा कोई आपति प्राप्त नही हुई तो उपरोक्त इंतकाल का नियमानुसार निपटान / फैसला कर दिया जावेगा । यह नोटिस मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालय मोहर सहित जारी किया गया है

उप तहसीलदार हिसार
साधिकारी सहायक कलैक्टर
द्वितिय श्रेणी हिसार ।

## खबर संक्षेप

### गुजवि में समर इंटर्नशिप फेयर वीक 27 से

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल 27 अप्रैल से एक मई तक विश्वविद्यालय के चौधरी रणबीर सिंह सभागार में 'इंटरन उत्सव 2026'-समर इंटर्नशिप फेयर वीक का आयोजन कर रहा है। इस कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन 27 अप्रैल को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई करेंगे। इस इंटर्नशिप फेयर के दौरान 60 से अधिक कंपनियां ऑन-कैंपस इंटर्नशिप ड्राइव्स में भाग लेंगी, जबकि 40 से अधिक कंपनियां ऑफ-कैंपस एवं वर्चुअल मोड के माध्यम से जुड़ेंगी। इस प्रकार कुल मिलाकर लगभग 100 संगठनों की भागीदारी सुनिश्चित होगी। विश्वविद्यालय के सभी संकायों के 3000 से अधिक विद्यार्थियों ने इन समर इंटर्नशिप अवसरों का लाभ उठाने के लिए पंजीकरण किया है।

### दिव्यांग केंद्र में निःशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर

**हिसार।** भाविप हरियाणा भारत विकास फाउंडेशन दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में सप्ताह में हर मंगलवार व शुक्रवार को फ्री नेत्र ऑपरेशन सुविधा शुरू हो गई है। इसके तहत मंगलवार को आंखों के सफेद मोतियाबिंद से पीड़ित 20 बुजुर्गों की आंखों के ऑपरेशन निशुल्क किए गए। इतना ही नहीं यथासंभव दवाइयां भी निशुल्क उपलब्ध करवाई गई। यह शिविर गुरुग्राम के सरस्वती बिल्डर स्वामी समाजसेवी सुरेश गोयल बड़ोपलिया व बड़ोपलिया परिवार के सहयोग से आयोजित किया गया। इस शिविर के दौरान सुरेश गोयल, शिव गोयल व उनका परिवार एवं बड़ोपलिया परिवार के सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे। दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के अध्यक्ष डॉ. रोशनलाल गोयल, कार्यकारी अध्यक्ष सीए रामनिवास अग्रवाल व सचिव मांगेराम गुप्ता ने बताया कि अगला निशुल्क शिविर शुक्रवार 24 अप्रैल को लगाया जाएगा।

### प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमराई : शर्मा

**हिसार।** हरियाणा प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर कांग्रेस ने राज्य सरकार की आलोचना की है। पार्टी का कहना है कि प्रदेश में अपराध की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, जिससे जनता में भय और असुरक्षा का माहौल है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार कानून व्यवस्था संभालने में पूरी तरह विफल साबित हो रही है। कांग्रेस प्रवक्ता जगजीत शर्मा ने कहा कि प्रदेश के विभिन्न जिलों से रोजाना हत्या, लूट, डकैती और महिलाओं के खिलाफ अपराधों की खबरें सामने आ रही हैं, लेकिन सरकार इन पर लगाम लगाने में नाकाम है।

### विश्वास सी.से. स्कूल में मनाया पृथ्वी दिवस

**हिसार।** अर्बन एस्टेट, स्थित विश्वास सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पृथ्वी दिवस बड़े ही उत्साह, जोश और पर्यावरणीय जागरूकता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने प्रकृति संरक्षण का संदेश देते हुए कई सार्थक आयोजन किए। प्रातःकालीन सभा कक्षा पहली से पांचवीं तक के छात्र-छात्राओं के लिए विशेष प्रार्थना सभा के रूप में आयोजित की गई। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने पृथ्वी संरक्षण पर ओजस्वी भाषण दिए, आकर्षक स्लोगन प्रस्तुत किए तथा 4 आर (रिड्यूस, रीयूज, रीसाइकिल, रिफ्यूज) साइकल के महत्व को रचनात्मक अंदाज में समझाकर सभी का मन मोह लिया।

## एचएयू के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में पृथ्वी दिवस पर कार्यक्रम

# पृथ्वी को सुरक्षित रखना हमारे जीवन व आने वाली पीढ़ियों के लिए जरूरी

- जागरूकता रैली के माध्यम से प्लास्टिक से मुक्ति और स्वच्छता का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा चक्रवर्ती सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में विश्व पृथ्वी दिवस पर कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज मुख्य अतिथि रहे।

कुलपति प्रो. काम्बोज ने अपने संबोधन में कहा कि पृथ्वी को सुरक्षित रखना हमारे जीवन और आने वाली पीढियों के लिए बहुत जरूरी है। पेड़ पौधे पर्यावरण को सुरक्षित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसलिए हमें अधिक से अधिक पौधे रोपित करने चाहिए। पेड़ कार्बन डाइऑक्साइड को कम करके हमें ऑक्सीजन देते हैं। उन्होंने बताया कि अनावश्यक पानी को बहने से रोकें और वर्षा जल का संचयन करें। उन्होंने महाविद्यालय परिसर में लगाईं गई प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया और रंगोली तथा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. मोनिका शर्मा ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत किया।



हिसार। प्रदर्शनी का अवलोकन करते मुख्य अतिथि प्रो. बीआर काम्बोज।

### अव्वल रहने वाले विद्यार्थी को मिला बेस्ट लीडर अवार्ड

कार्यक्रम में अव्वल रहने वाले विद्यार्थी को बेस्ट लीडर अवार्ड से नवाजा गया। रंगोली प्रतियोगिता में अंजली ने प्रथम, रोमा ने द्वितीय तथा मुस्कान ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। चाहत को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। इसी प्रकार पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में मुस्कान प्रथम, लक्ष्मी द्वितीय तथा खुशी ने तृतीय स्थान हासिल किया। सांत्वना पुरस्कार रीतिका को दिया गया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. पवन कुमार, डॉ. वीनू सांगवान, डॉ. शालिनी आदि उपस्थित रहे।

### पौधरोपण कर मनाया विश्व पृथ्वी दिवस

हकृवि में विश्व पृथ्वी दिवस पर हमारी ऊर्जा-हमारा ग्रह थीम पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर म्बोज ने भू-दृश्य संरचना इकाई द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने कल्पना चावला छात्रावास परिसर में जैकरंदा (नीला गुलमोहर) का पौधा रोपित करके अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पौधारोपण के लिए प्रेरित किया। भू-दृश्य सरंचना इकाई के अध्यक्ष डॉ. अरविन्द मलिक ने बताया कि पौधारोपण कार्यक्रम के तहत बरसात के मौसम में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित किए जाएंगे।



हिसार। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगण एवं प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

## सतत विकास सुनिश्चित करने में विधि की भूमिका अहम: प्रो. राजीव कुमार

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के विधि विभाग में पृथ्वी दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। विधि विभाग के अध्यक्ष प्रो. राजीव कुमार ने अपने संबोधन में पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि सतत विकास सुनिश्चित करने में विधि की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को जागरूक नागरिक बनने और पर्यावरणीय न्याय के लिए कार्य करने के लिए प्रेरित किया। लीगल एड क्लिनिक के इंचार्ज एवं विधि विभाग के सहायक प्रोफेसर विशाल सामरा ने भी अपने विचार साझा। इस अवसर पर विधि विभाग, एचएसबी के मूट कोर्ट रूम में स्लोगन लेखन और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में बीएससी जियोग्राफी तृतीय वर्ष की साक्षी और प्राची ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान एमएससी जियोग्राफी प्रथम वर्ष की कविता और तनिषा को मिला। तृतीय स्थान एमएससी जियोग्राफी प्रथम वर्ष की वंशिका तथा बीए एलएलबी प्रथम वर्ष के साहिल को प्राप्त हुआ। स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में बीएससी बीएड की अपूर्वा ने प्रथम स्थान हासिल किया। द्वितीय स्थान जियोग्राफी विभाग की दृष्टि और केमिस्ट्री विभाग की मिमांसा को मिला। तृतीय स्थान एमएससी जियोग्राफी विभाग की सिमरन तथा बीए एलएलबी प्रथम वर्ष की अंजलि को प्राप्त हुआ।

## बढ़ते वैश्विक तापमान और प्रदूषण के खतरों पर लघु नाटक से डाला प्रकाश

- आरपीएस स्कूल में पृथ्वी दिवस पर हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

आरपीएस पब्लिक स्कूल स्कूल में बुधवार को प्रातःकालीन सभा के दौरान पृथ्वी दिवस का विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 9वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने एक लघु नाटक प्रस्तुत कर बढ़ते वैश्विक तापमान और प्रदूषण के खतरों पर प्रकाश डाला। नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों ने यह संदेश दिया कि यदि हम पर्यावरण संरक्षण के लिए छोटे-छोटे कदम उठाएं, तो आने वाली पीढ़ियों के लिए पृथ्वी को सुरक्षित रखा जा सकता है।

विद्यालय की प्रधानाचार्या एकता सचदेवा ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें नो प्लास्टिक वीक का संकल्प दिलाया और प्लास्टिक के उपयोग को कम करने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने शपथ ली कि वे पर्यावरण को स्वच्छ और सुरक्षित बनाने में अपना योगदान देंगे तथा प्लास्टिक का प्रयोग न्यूनतम करेंगे।



हांसी। : पर्यावरण संरक्षण को लेकर बनाए गए मॉडल दिखाते स्कूल विद्यार्थी।

### किरतान में पर्यावरण सुरक्षित बनाने का संकल्प लिया

**हिसार।** गांव किरतान में अंतरराष्ट्रीय पृथ्वी दिवस मनाया गया। यह कार्यक्रम मेरा युवा भारत हिसार एवं आजाद हिंद युवा क्लब गांव किरतान के सहयोग से कस्तूरबा गांधी बालिका स्कूल में हुआ। इस मौके पर क्लब प्रधान कपूर सिंह आर्य ने कहा कि इसका उद्देश्य पर्यावरण के प्रति लोगों में जागरूकता लाना, सीमित प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा करना और प्रदूषण कम करने के लिए समर्थन जुटाना था। इस मौके पर पर्यावरण को सुरक्षित बनाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम के मौके पर अध्यापक सुशीला अमलेश वार्डन सुमन प्रोमिल आर्य व अन्य मौजूद थे।

## स्वस्थ पृथ्वी प्रत्येक जीव की आवश्यकता : डॉ. युद्धवीर



**हिसार।** पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य पर रॉयल इंटरनेशनल रेजिडेंशियल स्कूल खारा खेड़ी में एक विशेष सभा आयोजित की गई। सभा का नेतृत्व नेहरू सदन द्वारा किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने भाषण तथा कविता के द्वारा पृथ्वी के स्वस्थ वातावरण की आवश्यकता पर बल दिया। तत्पश्चात एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस सदस्यों तथा अन्य छात्रों द्वारा संयुक्त रूप से 'पृथ्वी बचाओ जीवन बचाओ' के लिए संयुक्त रूप से जन जागरूकता रैली निकाली गई। जागरूकता रैली के बाद एनसीसी कैडेट्स ने पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लेकर स्वच्छता और प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया। स्कूल चेयरमैन डॉ. युद्धवीर सिंह व स्कूल निदेशिका डॉ. ज्योत्स्ना ने अपने संदेश में कहा कि स्वस्थ पृथ्वी प्रत्येक जीव की आवश्यकता है। अतः हम सबको पृथ्वी के स्वस्थ वातावरण के लिए संकल्प लेना चाहिए। इस अवसर पर स्कूल प्रशासक विक्रमादित्य, सैनिक स्कूल कमांडेंट कर्नल डॉ. डीवी नेहरा (रिटायर्ड), स्कूल प्रधानाचार्या जानूप्रिया कथूरिया, सीनियर कोऑर्डिनेटर पूनम बिश्नोई, स्कूल गतिविधि प्रभारी वर्षा सहित समस्त शिक्षक गण उपस्थित रहे।

## पेंटिंग्स से दिया पर्यावरण को स्वच्छ व सुरक्षित रखने का संदेश

- ब्लूमिंग चाइल्ड स्कूल में मनाया पृथ्वी दिवस



**हिसार।** पृथ्वी दिवस के अवसर पर बुधवार को ब्लूमिंग चाइल्ड स्कूल जाखोद खेड़ा में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना सभा से हुई। इसके बाद बच्चों ने पृथ्वी संरक्षण से संबंधित सुंदर और आकर्षक पेंटिंग्स बनाईं। इन पेंटिंग्स के माध्यम से बच्चों ने पर्यावरण को स्वच्छ और सुरक्षित रखने का संदेश दिया। इसके अलावा, बच्चों ने एक लघु नाटक प्रस्तुत किया, जिसमें उन्होंने प्रदूषण, पेड़ों की कटाई और जल संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों को दर्शाया। नाटक के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि यदि हम अभी से प्रकृति का ध्यान नहीं रखेंगे, तो आने वाली पीढ़ियों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। अंत में, विद्यालय के अध्यापकों ने बच्चों को पर्यावरण की रक्षा के लिए प्रेरित किया और सभी को पेड़ लगाने तथा स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प दिलाया।

## एचकेएसडी स्कूल में मनाया अर्थ डे



**हिसार।** नागोरी गेट स्थित एचकेएसडी गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पृथ्वी दिवस के उपलक्ष में अनेक गतिविधियों का आयोजन किया गया जिसमें सभी विद्यार्थियों नहीं बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस विशेष अवसर पर कक्षा अनुसार स्लोगन, पोस्टर मेकिंग, निबंध, वेस्ट पेपर व रीसाइकलिंग यूज आदि विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई गई। साथ ही इको क्लब के तहत जल व बिजली संरक्षण, किचन वेस्ट व रीसाइकलिंग यूज, विभिन्न प्रकार के डस्टबिन व इनका प्रयोग, इको ब्रिक्स एवं पेड़ व वन्य जीव संरक्षण आदि विषयों पर प्ले द्वारा उनकी महता को बखूबी दर्शाया गया। स्कूल की प्राचार्या रेनु मल्होत्रा ने अर्थ डे की शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

## दयानंद कॉलेज में पृथ्वी दिवस पर फिल्म स्क्रीनिंग कार्यक्रम

**हिसार।** दयानंद कॉलेज के भूगोल विभाग ने इको-क्लब के सहयोग से विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर एक जागरूकतापूर्ण फिल्म स्क्रीनिंग कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम छात्रों में जागरूकता पैदा करते हैं और उन्हें पर्यावरण की देखभाल और संरक्षण के प्रयासों में योगदान देने के लिए प्रेरित करते हैं। इस मौके पर भूगोल विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. मंजू शर्मा ने कहा कि हर साल पृथ्वी दिवस मनाने का उद्देश्य हमें यह एहसास दिलाता है कि पर्यावरण संरक्षण किसी एक राष्ट्र का नहीं बल्कि एक सामुदायिक जिम्मेदारी है।

## भाविप की विवेकानंद शाखा ने पृथ्वी दिवस पर किया पौधरोपण

**हिसार।** अंतरराष्ट्रीय पृथ्वी दिवस के अवसर पर भारत विकास परिषद विवेकानंद शाखा द्वारा न्यू अग्रसेन कॉलोनी स्थित तिकोना पार्क में पौधरोपण किया गया। शाखा गतिविधि संयोजक पर्यावरण मुरारीलाल सिंगला ने बताया कि स्थानीय निवासी व परिषद सदस्य अशोक शर्मा, मनीष जैन व खुशीराम गोयल नियमित रूप से पौधों की देखभाल करेंगे। इस अवसर पर तिकोना पार्क समिति के प्रधान नरेंद्र बंसल, रामकुमार गोयल व प्रवीण जांगड़ा सहित आरडब्ल्यूए के अनेक सदस्यों ने परिषद के अध्यक्ष राजेश जैन, सचिव सूर्य गोयल, अशोक गर्ग तिलकधारी, संजीव जैन, सुमित मित्तल, नविन जैन, डॉली जैन, रेनू मंगल, रेनू सिंगला, पिंकी गोयल व मधु शर्मा आदि मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

## ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विवि में मनाया विश्व पृथ्वी दिवस

# पर्यावरण संरक्षण हमारी नैतिक जिम्मेदारी

> हमारे पास पूर्वजों की विरासत नहीं, बल्कि भावी पीढ़ी का कर्ज है पृथ्वी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय एवं हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सहयोग से बुधवार को विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष कार्यक्रम का मुख्य विषय हमारी शक्ति और हमारा ग्रहः नवीकरणीय ऊर्जा था। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. पुनीत गोयल व प्रो चांसलर डॉ पूनम गोयल ने कहा कि पृथ्वी पर पर्यावरण संरक्षण हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता जागृत होती है, जो आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। विश्वविद्यालय की प्रथा अनुसार कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हरियाणा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आरओ शक्ति सिंह को पौधा देकर उनका स्वागत किया।

उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आज के दौर में प्रदूषण एक वैश्विक चुनौती है। पृथ्वी हमारे पास पूर्वजों की विरासत नहीं, बल्कि भविष्य की पीढ़ी का कर्ज है। इसी के साथ प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर भी चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से कपिल सिंह, प्रिंस यादव, मुनीर सरोहा और कीर्ति उपस्थित होकर विद्यार्थियों को प्रेरित किया। अधिकारियों एवं विश्वविद्यालय प्रबंधन ने मिलकर पर्यावरण को हरा-भरा बनाने के लिए विश्वविद्यालय परिसर में पौधरोपण अभियान कि शुरुआत भी की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एन.पी. कौशिक, डॉ. अजय पोद्दार, डॉ पवित्रा बीवी, डॉ राकेश धीमान एवं डॉ संगीता जैन, डॉ रवीना ठाकुर आदि मौजूद रहे।



हिसार। विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित करते ओएसजीयू के पदाधिकारी।

## न्यूज डायरी

### डिवाइन स्कूल में दंत जांच शिविर लगाया



**हिसार।** स्माइल फॉर यूथ कार्यक्रम के तहत डॉ. सचिन मित्तल एडवांसड डेंटिस्ट्री ने डिवाइन हाई स्कूल में निशुल्क डेंटल चेकअप एवं जागरूकता कैंप लगाया। कैंप में टीम से डॉ. मुदिता के बाहेती और अभिशेष पांडे ने अपनी सेवाएं दी। इस दौरान करीब 240 बच्चों के दांतों की जांच की गई और उन्हें ओरल हेल्थ के बारे में बताया गया। साथ ही कुछ बच्चों का एआई डेंटल रोबोट मशीन से चेकअप किया गया। इसके बाद दांतों की समस्या के बारे में बताया गया। इस दौरान बच्चों को दांतों के रखरखाव तथा उन्हें बीमारियों से बचाने की जानकारी के अलावा टुथब्रश करने के सही तरीके को समझाया गया। डॉ. सचिन मित्तल टीम का प्रिंसिपल राहुल सैनी ने आभार जताया।



### सड़क सुरक्षा कानूनी दायित्व : प्रो. तमक

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के जनसंचार विभाग में बुधवार को विभाग के विद्यार्थियों द्वारा सड़क सुरक्षा विषय पर एक विस्तृत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में विधि विभाग के अध्यक्ष प्रो. राजीव तमक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रो. उमेश आर्य, डॉ. पल्लवी, डॉ. सुनैना, डॉ. संध्या, डॉ. प्रज्ञा, डॉ. भूपेंद्र, डॉ. कुसुम लता तथा विधि विभाग से सहायक प्रोफेसर डॉ. विशाल तांक विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन जनसंचार विभाग के विद्यार्थी कर्नल अजय सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि प्रो. राजीव तमक ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा केवल एक सामाजिक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि यह कानूनी दायित्व भी है। मोटर व्हीकल एक्ट के तहत यातायात नियमों का उल्लंघन दंडनीय अपराध है। सहायक प्रोफेसर डॉ. विशाल तांक ने मोटर व्हीकल एक्ट के प्रावधानों पर विस्तार से जानकारी दी। प्रो. विक्रम कौशिक ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम समाज में जागरूकता फैलाने का सशक्त माध्यम हैं।



### श्री सनातन धर्म कन्या विद्यालय में मनाया पृथ्वी दिवस

**हांसी।** श्री सनातन धर्म कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नर्सरी से 12वीं तक के सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रार्थना सभा में विद्यालय प्राचार्या रेणु बंसल के द्वारा अर्थ डे के महत्व पर प्रकाश डाल कर किया। इस अवसर पर विद्यालय में पोस्टर मेकिंग, वेस्ट मटेरियल से क्राफ्ट बनाना, वृक्षारोपण तथा 'सेव अर्थ' विषय पर अनेक क्रियाकलापों का आयोजन किया गया। बच्चों ने अपनी कलाकृतियों तथा विचारों के माध्यम से जल संरक्षण, प्लास्टिक मुक्त भारत और हरियाली बचाने का संदेश दिया। विद्यालय परिसर में छात्रों और शिक्षिकाओं के द्वारा औषधीय एवं छायादार पौधे भी लगाएं गए। विद्यालय प्रबंधक समिति ने बच्चों के उत्साह को देखकर कहा कि यही बच्चे कल के भारत के पर्यावरण प्रहरी बनेंगे। उन्होंने विद्यालय प्राचार्या रेनू बंसल के प्रयासों की सराहना की।



### श्री काली देवी विद्या मंदिर में हुईं प्रतियोगिताएं

**हांसी।** श्री काली देवी विद्या मंदिर में बुधवार को पृथ्वी दिवस के अवसर पर विद्यालय के कीर्ति सदन (हिंदी विभाग) द्वारा विभिन्न रचनात्मक एवं ज्ञानवर्धक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना तथा उनकी रचनात्मक एवं अभिव्यक्ति क्षमता का विकास करना रहा। कक्षा यूकेजी से लेकर कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए कविता, चित्रकला, नारा लेखन, अनुच्छेद लेखन, भाषण, सूचना लेखन, विज्ञापन निर्माण, पोस्टर निर्माण तथा अन्य रचनात्मक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, नुक्कड़ नाटक, कविता पाठ तथा पर्यावरण जागरूकता रैली भी आयोजित की गई, जिसके माध्यम से विद्यार्थियों ने समाज को पर्यावरण संरक्षण का सशक्त संदेश दिया।



### डीपीएस में 'पृथ्वी दिवस' प्रेरणादायक रूप में मनाया

**हिसार।** दिल्ली पब्लिक स्कूल में बुधवार को 'पृथ्वी दिवस' अत्यंत उत्साह, जागरूकता और संकल्प के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भास्कर सदन के विद्यार्थियों द्वारा एक विशेष प्रातःकालीन सभा का भव्य आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने अपने विचारों के माध्यम से पृथ्वी दिवस के महत्व को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। भाषण, कविताओं, नृत्यों एवं लघु नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि पृथ्वी केवल हमारा निवास स्थान नहीं, बल्कि हमारे अस्तित्व का आधार है, जिसकी रक्षा करना हम सभी का परम कर्तव्य है। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में पौधरोपण भी किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्या मंजु सुधाकर व निदेशक निहाल सिंह ने अपने संदेश में कहा कि पृथ्वी हमारी अमूल्य धरोहर है। यदि हम आज इसकी रक्षा नहीं करेंगे, तो आने वाला कल संकट में पड़ सकता है। हमें अपने व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन लाकर प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभानी

### मच्छरों के बढ़ते प्रकोप पर उठाई फॉगिंग की मांग

**हिसार।** स्वैच्छिक सामाजिक संस्था सजग ने शहर में मच्छरों के बढ़ते प्रकोप पर चिंता व्यक्त करते हुए प्रशासन से सभी क्षेत्रों में तुरंत, व्यापक और नियमित फॉगिंग अभियान चलाने की मांग की है। संस्था के प्रदेशाध्यक्ष एवं वास्तु आर्किटेक्ट सत्य पाल अग्रवाल ने कहा कि फिलहाल मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया सहित मच्छरजनित बीमारियों के मामले सामने न आना राहत की बात है, लेकिन मौसम परिवर्तन के चलते पूरे जिले में मच्छरों और मक्खियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। विशेष रूप से खुले स्थानों तथा जलभराव वाले क्षेत्रों में स्थिति अधिक गंभीर हो चुकी है।